दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 216
कोटद्वार शनिवार
10 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-घिंघारीखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोसी के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला।

शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे अल्मोड़ा-घिंघारीखाल-रानीखेत मार्ग पर जीबी पंत संस्थान के पास कार संख्या यूपी 16 बीएच 0069 अनियंत्रित होकर 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।

घटना में वाहन सवार उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवसी कुणाल वर्मा, शिवांक वर्मा और शिवम कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने जिला नियंत्रण कक्ष को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## मंगलौर में 220 केवीए बिजलीघर को मंजूरी प्रदान

**रुड़की।** क्षेत्रीय विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर क्षेत्र में 220 केवीए बिजलीघर को मंजूरी प्रदान की गई है। 131 करोड रुपये की लागत से बनकर तैयार होने वाले बिजली घर से क्षेत्र में बिजली की समस्याओं के दूर होने की उम्मीद है।

शुक्रवार को अपने कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए मंगलौर विधायक हाजी सरवत करीम अंसारी ने राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू, प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा क्षेत्र की बिजली की समस्या को ध्यान में रखते हुए 220 केवीए का बिजली घर बनाने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया था। जिसको प्रदेश सरकार ने जनहित में मंजूर किया।

गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारत की राष्ट्रपति द्वारा विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। उनमें उनके प्रस्ताव पर शुरू होने वाली योजना भी शामिल है। जिसका शिलान्यास भारत की राष्ट्रपति द्वारा किया गया है।

## साक्ष्यों के अभाव में दुष्कर्म का आरोपी बरी

**देहरादून।** किशारी से दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव और बयानों में विरोधाभास के चलते बरी कर दिया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता आशुतोष गुलाटी ने बताया कि घटना को लेकर 27 अप्रैल 2021 को ।तिक खैरवाल निवासी राजीव नगर के खिलाफ एक व्यक्ति ने ऋषिकेश थाने में केस दर्ज कराया। आरोप था कि वह उनकी 15 साल की बेटी का अपहरण कर ले गया है।

मुकदमें में नाबालिग से दुष्कर्म की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी ।षभ को गिरफ्तार कर लिया। करीब एक महीने बाद इस मामले में चार्जशीट भी दाखिल कर दी गई।

इस मुदकमे में अभियोजन की ओर से कुल चार गवाह पेश किए गए। बचाव की ओर से आठ लोगों ने गवाही दी। कोर्ट में अभियोजन अपनी कहानी को सिद्ध नहीं कर पाया। स्पेशल पोक्सो कोर्ट की जज मीना देउपा की अदालत ने आरोपी संदेह का लाभ देते हुए साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने किया लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में सिविल सेवा के 97वें कमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित

# गुमनामी, क्षमता और आत्मसंयम एक सिविल सेवक के आभूषण: राष्ट्रपति



**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में सिविल सेवा के 97वें कमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित किया। प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब वह उन्हें संबोधित कर रही थीं, तो उनकी स्मृति में सरदार बल्लभ भाई पटेल के शब्द गूंज रहे थे। अप्रैल 1947 में सरदार पटेल ने आईएएस. प्रशिक्षुओं के एक बैच से मिलते समय कहा था कि ''हमें उम्मीद करनी चाहिए और हमें अधिकार है कि हम हर सिविल सेवक से सर्वश्रेष्ठ की अपेक्षा करें, चाहे वह किसी भी जिम्मेदारी के पद पर हो।'' राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम गर्व से कह सकते हैं कि लोक सेवक इन अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि इस फाउंडेशन कोर्स का मूल मंत्र ''मैं नहीं, हम हैं''। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारी सामूहिक भावना के साथ देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी उठाएंगे। उन्होंने कहा कि उनमें से कई आने वाले 10-15 वर्षों तक देश के एक बड़े हिस्से का प्रशासन चलाएंगे और जनता से जुड़ेंगे। वे अपने सपनों के भारत को एक ठोस आकार दे सकते हैं।

अकादमी के आदर्श वाक्य 'शीलम परम भूषणम' का उल्लेख करते हुए, जिसका अर्थ है 'चरित्र सबसे बड़ा गुण है', राष्ट्रपति ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण की पद्धति कर्म-योग के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें चरित्र का बहुत महत्व है। उन्होंने सलाह दी कि प्रशिक्षु अधिकारियों को समाज के वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'गुमनामी', 'क्षमता' और 'आत्मसंयम' एक सिविल सेवक के आभूषण हैं। ये गुण उन्हें पूरी सेवा अवधि के दौरान आत्मविश्वास देंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारी प्रशिक्षुओं ने जो मूल्य सीखे हैं, उन्हें सैद्धांतिक दायरे तक सीमित नहीं रखना चाहिए। देश के लोगों के लिए काम करते हुए उन्हें कई चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में उन्हें इन मूल्यों का पालन करते हुए पूरे विश्वास के साथ काम करना होगा। भारत को प्रगति और विकास के पथ पर अग्रसर करना तथा देश की जनता के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करना उनका संवैधानिक कर्तव्य के साथ-साथ नैतिक दायित्व भी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि समाज के हित के लिए कोई भी कार्य कुशलतापूर्वक तभी पूरा किया जा सकता है जब सभी हितधारकों को साथ लिया जाए। जब अधिकारी समाज के हाशिए पर पड़े और वंचित वर्ग को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेंगे तो निश्चय ही वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि सुशासन समय की मांग है। सुशासन का अभाव हमारी अनेक सामाजिक और आर्थिक समस्याओं की जड़ है। लोगों की समस्याओं को समझने के लिए आम लोगों से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को लोगों से जुड़ने के लिए विनम्र होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तभी वे उनसे बातचीत कर पाएगें और उनकी जरूरतों को समझ सकेंगे और उनकी बेहतरी के लिए काम कर सकेंगे। सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करने का दायित्व भी आपको निभाना हैं।

ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया इन मुद्दों से जूझ रही है। इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे भविष्य को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को पूरी तरह से लागू करने में मददगार बने।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की आजादी के अमृत काल में 97वें कमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी सिविल सेवाओं में प्रवेश कर रहे हैं। अगले 25 वर्षों में, वे देश के सर्वागीण विकास के लिए नीति-निर्माण और उसके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस संबंध में राष्ट्रपति ने अकादमी में आज उद्घाटन किए गए 'वाक वे अफ सर्विस' का जिक्र करते हुए कहा कि जहां हर साल, अधिकारी प्रशिक्षुओं द्वारा निर्धारित राष्ट्र निर्माण लक्ष्यों को टाइम कैप्सूल में रखा जाएगा, राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को हमेशा याद रखें और उन्हें प्राप्त करने के लिये समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि जब वे वर्ष 2047 में टाइम कैप्सूल खोलेंगे, तो उन्हें अपने लक्ष्य को पूरा करने पर गर्व और संतोष होगा।

राष्ट्रपति ने प्रशिक्षु अधिकारियों के इस बैच में 133 बेटियों के शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के सर्वागीण विकास के लिए महिलाओं और पुरूषों दोनों का योगदान महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विशेषकर बेटियों से अपील की कि अपनी सेवा के दौरान वह जहां भी रहे, लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते रहें। जब हमारी बेटियाँ विभिन्न क्षेत्रों में आगे आएंगी तो हमारा देश और समाज सशक्त बनेगा।

राष्ट्रपति ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के पूर्व और वर्तमान अधिकारियों की देश के प्रतिभाशाली लोगों को सक्षम सिविल सेवकों में ढालने में उनके महान समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अकादमी के नए छात्रावास ब्लक और मैस, एरिना पोलो फील्ड सहित आज उद्घाटन की गई सुविधाओं से प्रशिक्षु अधिकारियों को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि पर्वतमाला हिमालयन एंड नर्थ ईस्ट आउटडोर लर्निंग एरिना, जिसका निर्माण आज शुरू हो गया है, हिमालय और भारत के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के बारे में सिविल सेवकों और प्रशिक्षुओं के लिए एक ज्ञान आधार के रूप में कार्य करेगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सराहनीय एवं बेहतर कार्य व्यवहार वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को सम्मानित भी किया।

इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा अकादमी परिसर में स्थापित पोलो ग्राउंड के उन्नयन एवं पोलो एरिना, अकादमी कर्तव्य पथ, अकादमी अमृत टेलीमेडिसिन परामर्श सेवा केन्द्र एवं मोनेस्टी परिसर तथा वक-वे अफ सर्विस का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति द्वारा पर्वतमाला हिमालय एवं पूर्वोत्तर आउटडोर लर्निंग एरिना का भी शिलान्यास किया गया।

इन योजनाओं के सम्बन्ध में अकादमी निदेशक द्वारा राष्ट्रपति को विस्तार से जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इन कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहे।

## राष्ट्रपति से मिलने जा रहे तीन आंदोलनकारी गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच और वीआईपी के नाम का खुलासा करने की मांग को लेकर देहरादून राष्ट्रपति से मिलने जा रहे तीन आंदोलनकारियों को पुलिस ने रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया। शांतिभंग की धारा में मामला दर्ज कर तीनों को एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया। कोतवाली पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता राजेंद्र गैरोला, राज्य आंदोलनकारी सरोजनी थपलियाल और सामाजिक कार्यकर्ता रेनू नेगी घर से निकले थे। उन्होंने मसूरी में राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू को अंकिता हत्याकांड में सीबीआई जांच और वीआईपी के नाम के खुलासे की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने की तैयारी की थी। इंटेलीजेंस की सूचना पर राजेंद्र गैरोला को गुमानीवाला और सरोजनी थपलियाल और रेनू नेगी को रेलवे रोड स्थित डीजीबीआर चौक के पास से गिरफ्तार किया गया। एसएसआई दर्शन काला ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में आंदोलनकारियों के पहुंचने से शांति व्यवस्था को खतरे की आशंका में गिरफ्तारी की गई। ।षिकेश धरना स्थल पर भी पुलिस ने दिनभर नजर रही। देहरादून से ऋषिकेश धरने में आ रहे दो राज्य आंदोलनकारियों का पुलिस ने पीछा किया। पुलिस महिलाओं की निगरानी करते हुए ।षिकेश में आंदोलन स्थल तक पहुंची। आंदोलनकारी शकुंतला रावत और प्रमिला रावत निवासी देहरादून के धरनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस की गाड़ी वापस लौट गई।

पुलिस के मुताबिक सरोजनी थपलियाल, रेनू नेगी, शकुंतला रावत व अन्य आंदोलनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ में आयोजित कार्यक्रम तक पहुंच गए थे। इस दौरान उन्होंने खून से लिखा खत पीएम को देने की कोशिश की थी।

## तलाक की अहम शर्त पर केरल हाईकोर्ट की टिप्पणी, केंद्र से कहा- यूनिफार्म मैरिज कोर्ट पर करें विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल हाईकेर्ट ने माना है कि भारतीय तलाक अधिनियम, 1869 की धारा 10ए के तहत 1 वर्ष की अलगाव की न्यूनतम अवधि का निर्धारण मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। अदालत ने कहा है कि अगर पति-पत्नी में नहीं बनती और वो आपसी सहमति से तलाक लेना चाहते हैं, तो उन्हें एक साल तक अलग-अलग रहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए.एक केस की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि तलाक अधिनियम, 1869 की धारा 10ए के तहत अलगाव की न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का निर्धारण मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है.क़ कोर्ट ने इस केस में कपल के एक साल अलग-अलग रहने की शर्त को रद्द कर दिया. इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को वैवाहिक विवादों में पति-पत्नी के सामान्य कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत में एक समान विवाह संहिता पर गंभीरता से विचार करने का निर्देश दिया है।

# हिमाचल में सीएम पर सस्पेंस बरकरार, कांग्रेस विधायक दल की बैठक में 39 एमएलए मौजूद



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल कांग्रेस में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर घमासान मचा हुआ है। विधायकों की 3 बजे होने वाली बैठक रात 8 बजे शुरू हुई। कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, पर्यवेक्षक भूपेश बघेल और भूपेंद्र हुड्डा बैठक के लिए पार्टी मुख्यालय पहुंचे। विधायकों से बातचीत के बाद पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट हाई कमान को देंगे। अंतिम फैंसला हाई कमान करेगा। राजीव शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा और अंतिम निर्णय पार्टी के आलाकमान द्वारा लिया जाएगा। वहीं, कांग्रेस नेता सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हम मुख्यमंत्री की दौड़ में नहीं हैं। पार्टी आलाकमान जो फैसला करेगा हम उसके साथ हैं।बता दें कि शिमला में पार्टी कार्यालय में कांग्रेस विधायक दल की बैठक शुरू हो गई है। बैठक में कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा वीरभद्र सिंह सहित अन्य मौजूद विधायक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बैठक में 39 विधायक शामिल हैं और एक विधायक मंडी से शिमला के रास्ते में है।

वहीं, इससे पहले राजीव शुक्ला ने कहा था कि वोटिंग से सीएम का नाम तय होगा। उन्होंने कहा कि विधायकों के शिमला पहुंचने के बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक के दौरान मतदान कराया जाएगा, जिसके बाद सीएम का नाम तय होगा। बता दें कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक को लेकर अब विधायकों का आना शुरू हो गया है। कांग्रेस विधायक पार्टी मुख्यालय पहुंच रहे हैं। पार्टी मुख्यालय के भीतर केवल विधायकों को जाने की अनुमति है।

बता दें कि कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक बुलाई है, लेकिन इससे पहले प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने उन्हें सीएम बनाने की मांग की है। प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने हिमाचल का सीएम कैसा हो, प्रतिभा सिंह जैसी होश नारे लगाए। वहीं, इससे पहले ओबराय सीसल होटल के बाहर, जहां सभी विधायक ठहरे हुए हैं, राज्य कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने भूपेश बघेल की कार को घेर लिया। प्रतिभा सिंह के समर्थकों ने भूपेश बघेल की कार को घेरकर राज्य कांग्रेस प्रमुख के समर्थन में नारे लगाए और उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग की।

वहीं, प्रतिभा सिंह ने कहा कि हम बैठक में मुख्यमंत्री का नाम तय करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर कोई गुटबाजी नहीं है और सभी विधायक हमारे साथ हैं। बता दें कि विधायक दल की बैठक में सभी विधायकों से मुख्यमंत्री को लेकर राय जानी जाएगी। सभी की राय जानने के बाद पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट हाई कमान को सौंपेंगे।

इससे पहले सूत्रों के अनुसार, खबर आई थी कि कांग्रेस पार्टी प्रचार समिति के अध्यक्ष व नादौन से विधायक सुखविंदर सिंह सुक्खू बीते रोजी चंडीगढ़ पहुंच गए थे।

# परीक्षा में फेल हुआ तो यूट्यूब पर मढ़ा दोष, मुआवजा मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में आज एक अजीबोगरीब याचिका पर सुनवाई हुई जिसमें एक शख्स परीक्षा में फेल होने के लिए ल्वनज्ञइम को दोषी ठहरा दिया और कंपनी से 75 लाख रुपये के मुआवजा की मांग कर दी। जज ने जैसे ही याचिका देखी वैसे ही उन्होंने इसे खारिज कर दी और कहा कि यह याचिका केवल समय बर्बाद करने के उद्देश्य से लगाई गई है। इतना ही नहीं जजों ने इस याचिका को अत्याचारी तक करार दिया और शख्स पर 25 हजार रुपये का जुर्माना ठोक दिया।

युवक ने याचिका में आरोप लगाया था कि यूट्यूब पर अश्लील विज्ञापन आते हैं, जिस कारण उन्हें देखकर उसका ध्यान भटक गया और इसकी वजह से वह पढ़ाई में ध्यान नहीं दे सका। इसकी वजह से परीक्षा में वह फेल कर गया। युवक का तर्क सुनते ही जज भड़क गए और कहा कि आप हर्जाना चाहते हैं क्योंकि आपने इंटरनेट पर विज्ञापन देखे और आप कहते हैं कि इसके कारण आपका ध्यान भटक गया और आप परीक्षा पास नहीं कर सके? पीठ ने कहा कि यह (संविधान के) अनुच्छेद 32 के तहत दायर की गई सबसे अत्याचारी याचिकाओं में से एक है। इस तरह की याचिकाएं न्यायिक समय की बर्बादी हैं।

पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि वह एक परीक्षा की तैयारी कर रहा था और ल्वनज्ञइम की सदस्यता ली, जहां उसने कथित यौन सामग्री वाले विज्ञापन देखे। पीठ ने कहा कि अगर आपको कोई विज्ञापन पसंद नहीं है, तो उसे न देखें। पीठ ने कहा वह विज्ञापनों को क्यों देखना पसंद करते हैं, यह उनका विशेषाधिकार है। शुरुआत में खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। बाद में, हिंदी में बहस करने वाले याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से उसे माफ करने और लगाए गए जुर्माने को हटाने का आग्रह किया। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि वह बेरोजगार

## आफताब अमीन पूनावाला की न्यायिक हिरासत और 14 दिनों के लिए बढ़ी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से कहा कि श्रद्धा वाल्कर हत्या मामले की जांच चल रही है जिसके बाद साकेत कोर्ट ने शुक्रवार को आफताब अमीन पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। पूनावाला वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। उसने 18 मई को अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या कर दी थी और फिर उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए थे।

26 नवंबर को उसे अदालत ने 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। 2 दिसंबर को पूनावाला का नार्को टेस्ट हुआ था, जो फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के अधिकारियों द्वारा जेल के अंदर आयोजित किया गया।

# गैर-मुस्लिम छात्रों को प्रवेश देने वाले मदरसों की जांच कराएं राज्य: एनसीपीसीआर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर ऐसे सभी सरकारी वित्तीय मदद ले रहे और मान्यता प्राप्त मदरसों की जांच के निर्देश दिए हैं, जो गैर-मुस्लिम बच्चों को प्रवेश दे रहे हैं। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया, श्हमें यह शिकायत मिली है कि कुछ मदरसों में गैर-मुस्लिम बच्चों को बिना उनके परिजनों की इजाजत के धार्मिक शिक्षा दी जा रही है।

यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश उन्हें छात्रवृत्ति भी दे रहे हैं। यह सीधे तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 28(3) का उल्लंघन है, जो शैक्षणिक संस्थानों को माता-पिता की अनुमति के बिना बच्चों को किसी धार्मिक शिक्षा में भाग लेने के लिए बाध्य करने से रोकता है। आयोग का मानना है कि ये बेहद गंभीर मामला है, जिसकी जल्द जांच होनी चाहिए। आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को निर्देश दिया है कि वे राज्य के क्षेत्र में आने वाले सभी गैर-मुस्लिम बच्चों को प्रवेश देने वाले सरकारी वित्त पोषित एवं मान्यता प्राप्त मदरसों की विस्तृत जांच कराएं।

जांच में ऐसे मदरसों में जाने वाले बच्चों के साथ बातचीत कर भी स्थिति की जांच करने की बात कही गई है। आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को इस निर्देश पर उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी 30 दिन के भीतर जमा कराने को कहा है। बता दें कि मदरसा ऐसे संस्थान हैं, जहां बच्चों को धार्मिक शिक्षा दी जाती है। ये तीन तरह के होते हैं- मान्यता प्राप्त, गैर-मान्यता प्राप्त और जिनकी पहचान नहीं हुई हो।

# डीएम ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद में संचालित सभी कार्यालयों में समय पर शत-प्रतिशत कार्मिकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने और आम जनमानस से संबंधित कार्यों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर संबंधित कार्यालयों द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर जारी होने वाले लाईसेंस, रजिस्ट्रेशन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे कार्य नहीं कर रहे एवं खराब दशा में पाए गए जिन्हें तत्काल दुरस्त करने के निर्देश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेंद्र विराटिया को दिए गए। उन्होंने कार्यालय में आने वाले लोगों के कार्यों को तत्परता एवं समयबद्धता के साथ करने, किसी भी लाईसेंस निर्गत करने एवं रजिस्ट्रेशन करने के लिए नियमानुसार समय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को सचेत करते हुए हिदायत दी है कि यदि किसी कार्मिकों द्वारा कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई एवं शिथिलता बरते जाने एवं आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा की शिकायत पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी पत्रावलियों का ठीक प्रकार से रख-रखाव एवं कार्यालय की उचित प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था कराने तथा सभी कार्मिकों एवं अधिकारियों के टेबल पर नेम प्लेट लगाने तथा पुरानी निष्प्रोज्य सामग्री एवं पत्रावलियों के निस्तारण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यालय भवन के रंग-रोगन के लिए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुदेश जुगरान को निर्देश दिए।

मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर तैनात कार्मिकों की उपस्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पुरानी पत्रावलियों का ठीक ढंग से रख-रखाव न होने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को पत्रावलियों को ठीक प्रकार से वर्षवार तैयार करते हुए संबंधित पत्रावलियों पर शीर्षक/पत्रावली के नाम के संबंध में चिट चस्पा करने के निर्देश दिए ताकि पत्रावलियों को ढूंढने में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इस कार्य को उन्होंने शीर्ष प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## चोरी की दो बाइकों संग युवक गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने खजूरी गांव के पास चेकिंग अभियान के दौरान बाइक चोरी के एक आरोप को गिरफ्तार कर लिया।

उसकी निशानदेही पर चोरी की एक और बाइक बरामद की गई। एसआई संजय पूनिया ने बताया कि पुलिस खजूरी के पास चेकिंग अभियान चला रही थी।

इस दौरान इकबालपुर की ओर से बाइक पर एक युवक आया। पुलिस को देखकर वह घबराकर बाइक दूसरी ओर मोड़ने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। थाने लाकर पूछताछ में उसने बताया कि उसके पास से बरामद बाइक चोरी की है। एक और बाइक उसकी निशानदेही पर गांव खजूरी से बरामद की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम अनमोल निवासी खजूरी बताया।

# चमोली-खैनुरी मोटर मार्ग के सुधारीकरण की जगी आस

### डीएम ने किया मोटर मार्ग का निरीक्षण, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

चमोली : क्षतिग्रस्त चमोली–खैनुरी मोटर मार्ग के सुधारीकरण की आस जगी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को ग्राम सभा खैनुरी में पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने आपदा से क्षतिग्रस्त चमोली-खैनुरी मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण भी किया। पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को सड़क सुधारीकरण हेतु शीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने आपदा में क्षतिग्रस्त अपर चमोली–खैनुरी मोटर मार्ग के दोनों ओर मजबूत पुस्ते, नालियां और स्कबर निर्माण करवाने, मानकों के अनुसार सड़क का डामरीकरण कराने की मांग जिला अधिकारी से की। साथ ही प्रभावित काश्तकारों को भूमि और भवन का मुआवजा दिलाने, सड़क को आरटीओ से पास कराने की मांग की। सड़क को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित कराने की मांग प्रमुखता से रखी। इस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आस्वस्त किया कि जल्द ही समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुधारीकरण के लिए आपदा न्यूनीकरण में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसको जल्द से जल्द स्वीकृत कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने पीएमजीएवाई के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि प्रभावित काश्तकारों की भूमि और भवन का मुआवजा उपलब्ध कराने हेतु जल्द से जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करें। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि मोटर मार्ग के सुधारीकरण हेतु प्राकलन का संशोधित 3.7 करोड़ का आंगणन राज्य आपदा न्यूनीकरण में शासन को भेज दिया गया है।

मोटर मार्ग पर नाली निर्माण, स्कवर एवं अन्य छोटे कायी के लिए जिला आपदा न्यूनीकरण से जल्द ही कार्य कराए जांएगे। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सैनी, पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता परशुराम चमोली, बीडीओ शिव सिंह भण्डारी, ग्राम प्रधान रेखा देवी सहित ग्रामीण मौजूद थे। डॉ. अमन्द मिश्र, पंकज कोटियाल, रघु बी. राज, जनार्दन सुवेदी, नवीन डोबरियाल आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# बीजेपी के प्रति देशभर में हो रहा लोगों का मोहभंग : रविंद्र सिंह आनंद

देहरादून। आज आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने एक बयान जारी कर भाजपा पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा कि देश भर की जनता के मन में बीजेपी के प्रति अधिक उत्साह नहीं है और धीरे–धीरे जनता का भारतीय जनता पार्टी से मोहभंग हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली नगर निगम, हिमाचल विधानसभा में भाजपा की बुरी तरह हार हुई है और उसे महज गुजरात से ही संतोष करना पड़ा है उन्होंने कहा 3 राज्यों में से सिर्फ एक राज्य में जीत मिलना जीत नहीं है यह तो करारी हार है उन्होंने कहा किसी भी मानक से यदि यह देखा जाए कि 3 में से एक जगह जीत होती है तो वो हार ही है उन्होंने इसका प्रमुख कारण भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश में नफरत फैलाने की राजनीति को मुख्य बताया जिसे अब लोग धीरे–धीरे समझ रहे हैं । उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पुष्कर सिंह धामी दिल्ली और हिमाचल में चुनाव प्रचार में जुटे रहे लेकिन जिन–जिन स्थानों पर उन्होंने चुनाव प्रचार किया वहां से भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से हार गई इसका मतलब साफ है कि लोग पहाड़ में फैल रहे अपराध, भ्रष्टाचार एवं महिलाओं के प्रति दुष्कर्म से खासे नाराज हैं उन्होंने कहां भारतीय जनता पार्टी अपनी पीठ खुद ही थपथपा रही है जिससे देश में भाजपा के प्रति नकारात्मकता ना फैले जबकि सत्य बिल्कुल इसके विपरीत हैं भाजपा यह जानती है कि वह 2 राज्यों में बुरी तरह से हार चुकी है और अब उसकी विदाई तय है उन्होंने कहा नफरत की राजनीति ज्यादा दिन नहीं चलती ।उन्होंने भाजपा को आम आदमी पार्टी से सीख लेने की नसीहत भी दी और कहा कि भाजपा आम आदमी पार्टी की तरह काम की राजनीति करें इस तरह धर्म–जात की राजनीति ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है उन्होंने कहा आज आम आदमी पार्टी के पास चार राज्यों में विधायक हैं इसके अलावा भी मेयर पार्षद ग्राम प्रधान आदि भी है उन्होंने कहा जिस गति से आम आदमी पार्टी आगे बढ़ रही है यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कुछ सालों में आम आदमी पार्टी देश पर राज करेंगी ।

## राशन कार्ड की समस्या को दूर करें

रुड़की। जेएम अभिनव शाह ने शीतकालीन भ्रमण के तहत अधिकारियों के साथ मोहम्मदपुर जट्ट गांव में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान सबसे ज्यादा समस्याएं राशन कार्ड को लेकर सामने आईं। उन्होंने लोगों को जल्द ही समस्या हल करने का आश्वासन दिया।

पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में जेएम अभिनव शाह लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं ज्यादा थी। लोगों ने बताया कि राशन कार्ड नहीं बन पाने से उन्हें सस्ता राशन नहीं मिल पा रहा है। पूर्ति विभाग के अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड स्मार्ट बनाने का काम चल रहा है। तहसीलदार शालिनी ने लोगों से विभिन्न विभागों से लिए गए ऋण को समय से चुकाने की अपील की।

# पीजी कॉलेज टिहरी परिसर में छात्रों ने किया प्रदर्शन



नई टिहरी : पीजी कालेज टिहरी परिसर में विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए छात्रों ने प्राचार्य कक्ष में पहुंचकर प्रदर्शन किया। कालेज प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद छात्र शांत हुये। शुक्रवार को पीजी कालेज परिसर में विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के सामने पहुंचकर नारेबाजी करते हुए लगभग एक घंटे तक प्रदर्शन किया। कालेज के प्राचार्य को सौंपे ज्ञापन में अवगत कराया गया कि महाविद्यालय में खेल संबंधी कीटें नहीं है। जिससे खेल कार्य नहीं हो पा रहे हैं। एनएसएस कैंपों छात्रों को सभी सुविधायें दी जायें। बैठने के पर्याप्त दी की व्यवस्था की जाय। कैंटीन की व्यवस्था छात्रों के लिए कालेज में की जाय। महाविद्यालय में एनसीसी शुरू करवाई जाय। छात्रों की मांगों का समर्थन छात्र संगठन लक्ष्य ने भी किया। एक घंटे के प्रदर्शन के बाद कालेज प्रशासन ने छात्रों को समझाते हुए समस्याओं के निदान को लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद छात्रों ने प्रदर्शन बंद किया। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। लक्ष्य ग्रुप के राहुल बुटोला ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों की मांगों पर त्वरित कार्यवाही होनी चाहिए। प्रदर्शन करने वाले छात्रों में आयुष, दिव्या, मोंटी, राधिका, दीपाली, अभिराज, जिशान आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## एक नजर

### बिजली बिल के नाम पर ठगी करने वाला साइबर ठग राजस्थान से गिरफ्तार

देहरादून। बिजली बिल जमा नहीं होने का मैसेज भेजकर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को एसटीएफ ने राजस्थान के चूरू जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस वहां से रिमांड पर लेकर दून आ रही हैं। यहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के मुताबिक एसटीएफ के अधीन साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून में रविकांत उपाध्याय ने केस दर्ज कराया। आरोप है कि उन्हें बिजली बिल जमा नहीं होने का मैसेज भेजा गया। मैसेज में आए नंबर पर संपर्क किया गया तो खुद को बिजली विभाग का अधिकारी बताया। इसके बाद मदद के नाम पर क्विक सपोर्ट एप डाउनलोड कराई। मदद के झांसे में उनके खाते से 9.93 लाख रुपये कट गए। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ तो जांच शुरू की गई। इस दौरान पता लगा कि ठगी राजस्थान के चूरू जिले से की जा रही थी। वहां दबिश देकर एसटीएफ ने प्रभु राम खीचड़ निवासी छाजूसर थाना रतनगर जनपद चुरू राजस्थान को गिरफ्तार किया है। उससे ठगी प्रयुक्त मोबाइल और क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया है।

### पेंच वर्क और डामरीकरण की गुणवत्ता पर उठाएं सवाल

चमोली : आगरचट्टी-रामड़ा तल्ला-बौखनारा शहीद रणजीत सिंह लिंक मोटर मार्ग पर वर्तमान में हो रहे पेंच वर्क एवं डामरीकरण पर जनप्रतिनिधियों ने मानकों के अनुसार कार्य न करने का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में लोगों ने जिलाधिकारी, ईई एवं क्षेत्रीय विधायक को शिकायती पत्र भेजा है। वर्तमान में इस लिंक मोटरमार्ग पर सड़क पर पेंच वर्क एवं उसका डामरीकरण करने का कार्य प्रगति पर है। प्रधान जिनगोड़ चंदन सिंह रावत, प्रधान रामड़ा तल्ला रेवती बिष्ट, प्रधान आगर पुष्पा देवी व क्षेपंस दिनेश रावत ने कार्यदायी संस्था लोनिवि व ठेकेदार पर मानकों के अनुसार कार्य न करने का आरोप लगाते हुये शिकायती पत्र भेज कर इस कार्य की जांच करने की मांग की है।

# परवाह किए बिना प्रत्येक को स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का अधिकार है–स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने सार्वभौमिक मानवाधिकार माह और विश्व मानवाधिकार दिवस के पूर्व संदेश दिया कि नस्ल, रंग, लिंग, भाषा, विकलांगता, यौन अभिविन्यास, जातीयता, भौगोलिक स्थिति, धर्म, राजनीतिक, राष्ट्रीयता या सामाजिक मूल, संपत्ति, सामाजिक आर्थिक या अन्य स्थिति की परवाह किए बिना प्रत्येक को स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का अधिकार है। सभी के अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिये 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम डिग्निटी, फ्रीडम और जस्टिस फॉर ऑल है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सभी की गरिमा, स्वतंत्रता और न्याय के साथ ही स्वास्थ्य भी एक मौलिक मानव अधिकार है क्योंकि स्वास्थ्य के बिना कोई सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय को कायम रखना सम्भव नहीं हो सकता। स्वास्थ्य का अधिकार यह सुनिश्चित करता है कि सभी को स्वच्छ और शुद्ध वातावरण प्राप्त हो सके। वर्तमान समय में मानवाधिकार से तात्पर्य यह भी है कि किसी को भी पीछे न छोड़ना तथा बिना किसी भेदभाव के सभी की पहुंच स्वच्छ जल, स्वच्छता और शुद्ध वायु तक बनाये रखना। स्वामी जी ने कहा कि स्वास्थ्य के अधिकार से तात्पर्य केवल स्वस्थ रहने तक सीमित नहीं है बल्कि बिना किसी हस्तक्षेप के यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सहित अपने शरीर को स्वस्थ रखने के साथ ही महिलाओं और लड़कियों के



खिलाफ हो रही लिंग आधारित हिंसा सहित अन्य हिंसायें भी शामिल है क्योंकि इसके कारण ही महिलाओं और लड़कियों को जीवन पर गंभीर स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि किसी के भी साथ किसी भी परिस्थिति में हो रहे भेदभाव को समाप्त करना सबसे जरूरी है। दिसम्बर को मानवाधिकार माह मनाने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपने जीवन का सम्मान करें और यह सुनिश्चित करें कि हमारे द्वारा दूसरों को किसीभी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

सार्वभौमिक मानवाधिकार माह दुनिया में सभी के सम्मान, गरिमा, स्वतंत्रता के साथ स्वच्छ, स्वस्थ पर्यावरण तक पहुँच के लिये भी समर्पित है ताकि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ, स्वस्थ वातावरण में रहने का अधिकार प्राप्त हो सके।

स्वामी जी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण भविष्य में मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरे हैं इसलिये जैवविविधता पर ध्यान देना होगा क्योंकि यह प्रकृति में हर उस वस्तु का समर्थन करती है जो हमें जीवित रहने के लिये आवश्यक है जैसे– भोजन, स्वच्छ जल, दवा और आश्रय।

## यातायात नियमों के पालन करने की ली शपथ

चमोली : चमोली जिले में यातायात जागरूकता अभियान आरम्भ किया गया। शुक्रवार को जनपद के सभी थाना/चौकी प्रभारियों ने पुलिस कर्मियों, टैक्सी चालकों एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने स्थानीय जनता के साथ गोष्ठी के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। गोष्ठी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, मुख्य रूप से ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने, बिना लाइसेन्स/अव्यस्कों द्वारा वाहन चलाने, शराब का सेवन कर वाहन चलाने जैसी लापरवाहियों पर चर्चा कर ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। (एजेंसी)

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर हुई संगोष्ठी

रुड़की। लक्सर नगरपालिका के सभागार में प्लास्टिक एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में घरों से कूड़ा उठाने की व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर सभासदों और नगर के जिम्मेदार लोगों से सुझाव लिए गए। व्यापार मंडल ने हर वार्ड में कूड़ा गाड़ी का समय तय करने की राय दी। पालिका अध्यक्ष अमरीश गर्ग ने संगोष्ठी की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना पालिका का ही नहीं बल्कि क्षेत्र के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सब इसे समझेंगे तभी यह मिशन सफल होगा। अधिशासी अधिकारी चंद्रशेखर शर्मा ने बताया ही कूड़े के सही प्रबंधन को लेकर शासन के साथ ही हाईकोर्ट के भी निर्देश हैं। बताया कि अभी पालिका ने चार गाड़ियां अलग–अलग मोहल्लों से कूड़ा इकट्ठा करने में लगा रखी हैं। फिर भी लोग कूड़ा गाड़ी में डालने के बजाय इधर–उधर फेंक रहे हैं। उन्हें जागरूक करने की आवश्यकता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने मौहल्लों में कूड़ा गाड़ी जाने का समय निर्धारित करने की मांग की। कहा कि मेन बाजार में दुकानें खुलने से पूर्व सुबह नौ बजे तक कूड़ा उठना चाहिए। संगोष्ठी में डॉ. यशपाल अग्रवाल, सेवाराम सिंघल, सभासद विकास खटाना, कुलदीप मोनू, बिजेंद्र पांचाल, नाथूराम शर्मा, मंगता हसन दिनेश शर्मा, सहित काफी लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

ऋषिकेश। हिमाचल प्रदेश में जीत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। उन्होंने मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता डोईवाला चौक पर एकत्रित हुए। उन्होंने एक दूसरे को मिठाई वितरित की और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। जिला अध्यक्ष अश्विनी बहुगुणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जड़ें बहुत गहरी है और इस बार कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में भाजपा को हराकर सत्ता से दूर किया है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिंह, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष डोईवाला रणजीत सिंह, सागर मनवाल, भारत भूषण पेले, राहुल सैनी, करतार नेगी, महेंद्र भट्ट, सावन राठौर, रईस अहमद, अजय रावत, बलविंदर सिंह, गौरव मल्होत्रा, संजय खत्री आदि मौजूद रहे।

# नववर्ष और क्रिसमस को लेकर राजा जी टाइगर रिजर्व पार्क में अलर्ट

हरिद्वार। नववर्ष और क्रिसमस को देखते हुए राजाजी टाइगर रिजर्व में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पार्क की सभी रेंजों में 24 घण्टे निरंतर पेट्रोलिंग के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

इसके साथ ही गंगा तटीय क्षेत्रों और सघन आबादी वाले इलाकों में वन कर्मियों की तैनाती के साथ ही सभी रेंज अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनिटरिंग का आदेश भी दिए गए हैं। पार्क महकमे मे निर्देश के बाद शुक्रवार को पार्क की चीला रेंज में इस अभियान की शुरुआत की गई। चीला रेंज अधिकारी द्वारा पालतू हाथियों के साथ कई टीमों को मुंढाल और घासीराम सेक्शन में गश्त के लिए रवाना किया गया। इसके साथ ही पूरे माह के लिए रूट मैप तैयार कर लिया गया है। वहीं



इस अभियान को लेकर कई अतिरिक्त टीमें बनाई गई हैं। शुक्रवार को हाथियों पर सवार होकर पार्क कर्मियों ने सघन गश्त अभियान चलाया। चीला रेंज के रेंजर शैलेस घिड़ियाल ने बताया कि नए साल के आसपास पार्क में मानवीय गतिविधियों को रोकने के लिए इस प्रकार की गश्त को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भीड़ का फायदा उठाकर पार्क में घुसपैठ करते हैं। टाइगर की संख्या अधिक होने पर पार्क में टाइगर के खतरे को देखते हुए हाथी से पेट्रोलिंग शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि अलर्ट को देखते हुए सभी कर्मचारियों की छुट्टी भी निरस्त कर दी गई है। इस दौरान चीला पार्क रेंजर शैलेस घिड़ियाल, आशीष गौड़, सुशांत ममगाई, योगिता, सीमा कुकरेती, खलील रहमान, विनोद शुक्ला, अंकित, इस्तकार, राम प्रसाद, मीर हमजा, सुफियान, साहिल, रफी, मुस्तफा, इरफान आदि मौजूद रहे।

# धरने पर बैठे छात्र बोले,महाविद्यालय प्रशासन संवेदनहीन बना

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में छात्रों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र–छात्राएं धरने पर डटे हुए हैं।

छात्रों का कहना है कि बीते पांच दिन से धरना प्रदर्शन करने के बावजूद उनकी मांगों को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। शुक्रवार को धरना दे रहे छात्रों ने बताया कि उनकी ओर से महाविद्यालय प्रशासन के सामने रखी गईं सभी मांगें छात्रों के हित में जायज हैं। इन मांगों के पूरा होने से ही छात्रों का भविष्य संवरेगा। बताया कि पहली मांग स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में सीट बढ़ाने की रखी गई है। इसका कारण यह है हर साल जितनी संख्या में छात्र प्रवेश लेने आते हैं, उससे आधी सीटें महाविद्यालय की ओर से निर्धारित की गई हैं। जिन छात्रों को प्रवेश मिलता है, उन्हें शिक्षण संबंधी सभी संसाधन मुहैया नहीं होते हैं। पुस्तकालय में छात्र संख्या के अनुपात में आधी से कम पुस्तकें हैं, जिससे सभी छात्र–छात्राओं को समय पर विषय संबंधी पाठ्य सामग्री नहीं मिलती है। कई विषयों में प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं। बिना प्राध्यापक और बिना पाठ्यसामग्री के विषय संबंधी ज्ञान मिलना मुश्किल हो रहा है, जिसका असर परीक्षा के दौरान छात्रों पर साफ दिखाई देता है। महाविद्यालय में एक भी सफाई कर्मी तैनात नहीं है, जिससे अक्सर कक्षा कक्षों, शौचालयों और परिसर में गंदगी फैली रहती है। इन मांगों पर लंबे समय से कार्यवाही करने की गुजारिश की जा रही है, लेकिन महाविद्यालय प्रशासन छात्रों की समस्याओं को लेकर संवेदनहीन बना हुआ है। धरना देने वालों में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रेमचंद नौटियाल, पूर्व महासचिव अवनीश नौटियाल, रितेश सोनकर, आशीष बिष्ट, लक्ष्मी वर्मा, तुषार कपूर, अरुण भार्गव, राहुल तोमर, शिवानी चौहान, अमित तोमर, शिवानी गुलेरिया, अनुज, राज छेत्री, हिमांशु बिष्ट आदि शामिल रहे।

## युवक पर पेचकस से हमला किया

रुड़की। रुड़की में सुबह के समय एक युवक पर पेचकस से हमला किया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

गंगनहर पुलिस को दी तहरीर में रामपुर निवासी अमन ने बताया कि वह सुबह कुत्ते को टहला रहा था। इस दौरान एक युवक वहां आया और उसने कुत्ते को बिना वजह लात मार दी। उसने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक गाली गलौच करने लगा।

# बैंक में हुई चोरी के आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

हरिद्वार। पथरी थाना क्षेत्र के गांव पदार्था स्थित मिनी बैंक में हुई चोरी के फरार छठे आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने की तैयारियों में जुटी है। पुलिस के अनुसार गांव पदार्था स्थित सुल्तानपुर निवासी एक व्यक्ति मिनी बैंक शाखा चलाता है। 18 नवंबर की रात छह युवकों ने शाखा के शटर का ताला तोड़कर गल्ले में रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र और एसओजी की मदद से तीन सगे भाइयों सहित चार आरोपियों को पकड़ा था। मामले में दो आरोपी सोनू उर्फ नाजिम पदार्थी और भानु निवासी रायसी पुलिस के हाथ नहीं लग पाए थे। पुलिस ने दोनों की धरपकड़ के लिए मुखबिर तंत्र लगाया जिसकी बदौलत भानु प्रताप पुत्र अवनीश उर्फ टीटू निवासी रायसी थाना लक्सर को रानीमाजरा स्थित लक्सर से गिरफ्तार किया गया था।

# भक्तिरस में डूबा कोटद्वार, मनमोहक झांकियों ने मोहा मन

## सिद्धबली महोत्सव के पहले दिन शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा,शोभायात्रा देखने के लिए शहर की सड़कों पर उमड़ा रहा जनहुजूम



कोद्वार में निकाली गई बाबा सिद्धबली की झाकी।



यात्रा में शामिल रम्माण की झांकी ।



शोभा यात्रा में शामिल भागवान शिव की झांकी ।



शोभा यात्रा में शामिल झांकी ।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** श्री सिद्धबली महोत्सव के पहले दिन शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा देखने के लिए सड़कों पर जन हुजूम उमड़ा हुआ था। श्रद्धालुओं ने बाबा की झांकी के दर्शन कर प्रसाद भी ग्रहण किया। पूरा शहर बाबा के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान जगह-जगह झांकी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

शुक्रवार से श्री सिद्धबली मंदिर समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन सुबह पूजा अर्चना के बाद शाम के समय शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बदरीनाथ मार्ग टाटा के समीप से शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक नजीबाबाद रोड से होते हुए देवी रोड में सपन्न हुई। इस दौरान जगह–जगह लोगों ने फूल–माला बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया। विभिन्न समितियों की ओर से शहर के मुख्य चौराहों पर प्रसाद वितरण भी किया गया।

शोभायात्रा में गणेश जी की झांकी, भगवान जगन्नाथ की झांकी, महाबली हनुमान, भोले बाबा का अघोरी नृत्य, श्री कृष्ण रासलीला की झांकियां, केलाश पर्वती, राधा–कृष्ण, देशभक्ति पर आधारित झांकी खासी आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा बैंड वादकों ने भी लोगों को आकर्षित किया। शोभयात्रा में गढ़वाल की संस्कृति की भी झलक देखने को मिली।

शोभायात्रा में शामिल सिद्धबाबा का डोला पर सिर नवाकर श्रद्धालुओं ने सिद्धबाबा का आशीर्वाद लिया। विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा में मौजूद रम्माण की झांकी को दर्शकों ने सबसे अधिक सराहा।



**शोभा यात्रा में प्रदर्शन करते सिख समुदाय के युवा**

# पिंडी महाभिषेक के साथ तीन दिवसीय सिद्धबली महोत्सव का आगाज

**◆वैदिक मंत्रों के साथ एकादश कुंडीय यज्ञ की धूनी की गई प्रज्वलित**
**◆बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना कार्यक्रम में लिया भाग**

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः वैदिक मंत्रोचार के बीच पिंडी और हनुमान के महाभिषेक के तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा महोत्सव का आगाज हो गया है। वैदिक मंत्रों के साथ एकादश कुंडीय ज्ञन की धूनी प्रज्वलित की गई। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धलुओं ने बाबा सिद्धबली से अपने परिवार व देश के लिए सुख शांति की कामना की।

महोत्सव के पहले दिन पंड़ित देवी प्रसाद भट्ट के सानिध्य में वेदपाठियों ने वैदिक मंत्रोचार के बीच खोह नदी में गंगा पूजन किया। इसके बाद 11 कन्याएं गढ़वाल के पारंपरिक ढोल, दमाऊं और मशकबीन की धुन के साथ खोह नदी से जल लेकर मंदिर पहुंची। मंदिर में पिंडी पूजन और हनुमान की मूर्ति का महाभिषेक किया गया।

हवन स्थल पर बाबा के पूजन के साथ कलश की स्थापना की गई। तत्पश्चात एकादश कुंडीय यज्ञ व हवन किया गया, जिसमें लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत, समिति अध्यक्ष जे पी ध्यानी, उद्योगपति अनिल कंसल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद बड़ी संख्या में मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने ढोल, दमाऊं, मशकबीन की धुन पर बाबा के झंडे और त्रिशूल के साथ सिद्धबली बाबा के जयकारे लगाते हुए मंदिर की परिक्रमा की और बाबा के झंडे की स्थापना की। एकादश कुंडीय यज्ञ में प्रथम दिवस पर डाली गई आहूतियों के उपरांत दयाशंकर फुलारा ने सुंदर कांड का पाठ किया। इस दौरान सुमन कोटनाला, रविंद्र नेगी, राजदीप माहेश्वरी, ऋषभ भंडारी, विजय माहेश्वरी, प्रमोद रावत, विवेक अग्रवाल, अतुल डोबरियाल और संदीप चौधरी आदि थे।



**कोटद्वार में वैदिक मंत्रोचारण के साथ खोह नदी में पूजा करते श्रद्धालु**

# छात्राओं ने सीखें आत्मरक्षा के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में महिला पुलिस कर्मियों को दो दिन तक दिए गए प्रशिक्षण के बाद महिला पुलिस कर्मियों ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।शुक्रवार को कोतवाली श्रीनगर एवं महिला थाना श्रीनगर द्वारा भगवती मेमोरियल स्कूल श्रीकोट एवं राजकीय इण्टर कॉलेज दिखोल्यूं में जाकर छात्राओं को जागरूक करते हुये आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही उन्होंने पोक्सो एक्ट, साइबर सेफ, स्वयं की रक्षा हेतु पंच बांधना, शरीर की कमजोर कड़ी पर वार करना, किसी की पकड़ से खुद को छुड़ाने के साथ पैरों से वार करना आदि की तकनीक के बारे में बताया। इस मौके पर उन्होंने छात्राओं को गुड टच, बेड टच का अन्तर समझाते हुये संवेदनशील बिन्दुओं के बारे में जानकारियां दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन, गौरा शक्ति एप, उत्तराखण्ड पुलिस एप, महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, मानव तस्करी व आपातकालीन नम्बर डायल-112 के बारे में बताया। पुलिस टीम में एसआई प्रवीणा सिदोला, आरक्षी बबीता, अनीता शामिल रहे। (एजेंसी)

# हिमाचल में दिखा भारत जोड़ो यात्रा का असर

## पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ों यात्रा का परिणाम हिमाचल में देखने को मिला है। हिमाचल की जनता से भारतीय जनता पार्टी को नकारते हुए कांग्रेस को बहुमत दिया है। इस दौरान हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत से उत्साहित कोटद्वार कांग्रेस कमेटी ने झंडा चौक पर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी मनाई।

कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि हिमाचल में जनता ने परिवर्तन करते हुए भाजपा को नकार दिया। कहा कि यह देश में परिवर्तन और कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का परिणाम है। देश की जनता भाजपा के शासन में परेशान हो चुकी है। बेरोजगारों के हितों के साथ कुठाराघात हो रहा है। बढ़ती महंगाई के कारण आम जन परेशान है। इसलिए जनता अब सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है, जिसका प्रमाण हिमाचल प्रदेश के चुनावों से मिल जाता है। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल, जिलाध्यक्ष महावीर सिंह रावत, धीरेंद्र बिष्ट, सुनीता रावत, साबर सिंह नेगी, जसवीर राणा, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित राज सिंह, जितेंद्र भाटिया, रूपेंद्र सिंह नेगी, सुनील दत्त सेमवाल, जसवीर राणा, प्रवेश रावत, महाबीर रावत, संजय मित्तल, बलबीर सिंह रावत, अमितराज सिंह, राकेश शर्मा, रूपेन्दर नेगी, साबर नेगी,सुनील सेमवाल आदि मौजूद रहे।



**कोटद्वार में एक दूसरे को मिष्ठान खिलाते कांग्रेसी**

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक



**गढ़श्रेष्ठ सांस्कृतिक कला संस्था के सदस्य नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देते हुए।**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन पर सिंगल यूज प्लास्टिक व नॉन वोवन बैग को पूर्ण प्रतिबंधित करने के क्रम में नगर पालिका पौड़ी के तत्वाधान में जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को संस्कृति विभाग प्रेक्षागृह के निकट प्लास्टिक/ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के तहत प्लास्टिक उपयोग न करने के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।

सिंगल यूज प्लास्टिक व नॉन वोवन बैग को पूर्ण प्रतिबंधित करने हेतु गढ़श्रेष्ठ सांस्कृतिक कला संस्था के सदस्यों द्वारा नक्कड़ नाटक से लोगों को प्लास्टिक उपयोग न करने के संदर्भ में जागरूक किया गया। इस दौरान पॉलिथीन उन्मूलन एवं उपयोग करने पर जुर्माना लगाये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक में जूट या बुने हुए थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका पौड़ी से हेमन्त कुमार सहित सांस्कृतिक दल से जुड़े सदस्य व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को बांटी छात्रवृत्ति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : विकासखंड पोखड़ा के जनता इंटर कालेज लियाखाल में विगत नौ वर्षों से कर्नल ऋषि मोहन नेगी द्वारा अपने पिता स्वर्गीय मेहरबान सिंह नेगी की स्मृति में मेधावी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। जिसके तहत वर्ष 2022 के कक्षा छः से बारह तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में कर्नल ऋषि मोहन नेगी के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे राजकीय इण्टर कालेज जहरीखाल के प्रधानाचार्य चंद्रमोहन नेगी द्वारा छात्रवृत्ति दी गई।

इस अवसर पर पूर्व प्रबधक सुरेन्द्र सिंह रावत ने पर्यावरण मित्रों को ट्रैक सूट भी वितरित किये। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक रावत, नकुल रावत, विपिन गुंसाई,जयदीप विष्ट, नरेंद्र पाल, सुमन ढौंडियाल, मनीष नेगी, सुनीता बिष्ट, आरती रौथाण, सुमन कली, मंजु नेगी, अभिनव नेगी, पृथ्वी पाल सहित छात्र-छात्रा शामिल रहे।

# विवादों में आया रैन बसेरा, निगम पर लगा भूमि कब्जाने का आरोप

## पार्षद विपिन डोबरियाल की शिकायत पर रेलवे, निगम व प्रशासन ने किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गाड़ीघाट में मालगोदाम चौराहे के समीप बन रहा नगर निगम का रैन बसेरा बनने से पहले ही विवादों में आ गया है। पार्षद विपिन डोबरियाल ने नगर निगम पर रेलवे की भूमि कब्जाकर रैन बसेरा बनाने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद रेलवे, नगर निगम व प्रशासन की टीम ने रैन बसेरे का संयुक्त निरीक्षण किया।

कुछ वर्ष पूर्व नगर निगम ने मालगोदाम रोड तिराहे पर खंडहर हो चुके कांजी हाउस की जगह रैन बसेरा निर्माण की योजना बनाई थी। इसके लिए बाकायदा वर्ष 2019 में एक करोड़ तीस लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। शासन ने 98.45 लाख की धनराशि स्वीकृत कर चालीस लाख रुपये अवमुक्त कर दिए थे। रैन बसेरा निर्माण के नाम पर चार मंजिला भवन भी खड़ा हो चुका है। लेकिन, अब निर्माणाधीन इस भवन पर सवाल खड़े होने लग गए हैं। पार्षद विपिन रावत ने बताया कि नगर निगम रेलवे की भूमि पर कब्जा कर रैन बसेरा निर्माण करवा रहा है। ऐसे में रेलवे विभाग भविष्य में कभी भी अपनी भूमि को वापस ले सकता है। नगर निगम रैन बसेरा निर्माण के नाम पर केवल बजट को ठिकाने लगाने का कार्य कर रहा है। बताया कि वह इस समस्या को कई बार बोर्ड बैठक में भी उठा चुके हैं। वहीं, पार्षद की शिकायत के बाद शुक्रवार को नगर निगम, प्रशासन व रेलवे के अधिकारियों ने रैन बसेरे का संयुक्त निरीक्षण किया। नजीबाबाद रेलवे के मुख्य कार्यालय अधीक्षक इरफान अंसारी ने बताया कि निरीक्षण व अन्य दस्तावेजों से यह सिद्ध नहीं हो पाया है कि उक्त भूमि नगर निगम की है या रेलवे की। बताया कि कोटद्वार नगर निगम ने भूमि रेलवे की होने पर उसे लीज पर देने की गुजारिश की है। इस मौके पर इस मौके पर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर पंकज शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी नगर निगम नवीन सजवाण, राजस्व उपनिरीक्षक आशीष केमनी आदि मौजूद रहे।



**कोटद्वार के गाड़ीघाट में बनाया जा रहा निगम का रैन बसेरा**

# 14 दिसम्बर को होगी क्रॉस कंट्री दौड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ आशीष चौहान के निर्देशों के क्रम में विजय दिवस के उपलक्ष पर खेल विभाग के तत्वाधान में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जायेगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि आगामी 14 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे बालक ओपन वर्ग में कण्डोलिया पार्क से पेट्रोल पम्प तक एवं वापसी कण्डोलिया पार्क तक, अण्डर-16 वर्ग के बालक कण्डोलिया पार्क से सर्किट हाउस तक एवं वापसी कण्डोलिया पार्क तक, बालिका वर्ग ओपन एवं अण्डर-16 के लिए कण्डोलिया पार्क से सर्किट हाउस से वापसी कण्डोलिया पार्क तक दौड़ आयोजित की जायेगी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि क्रॉस कन्ट्री में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी अपना पंजीकरण 14 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे तक जिला खेल कार्यालय, पौड़ी में करा सकते है। उन्होंने बताया कि कॉस कंट्री दौड़ में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरूषकार प्रदान किये जायेंगे।

# पार्षदों ने फूंका पुलिस का पुतला

**नगर निगम में हुए घोटाले की जांच के लापरवाही का आरोप**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम में हुए घोटाले की जांच में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने पुलिस का पुतला फूका। कहा कि पुलिस बिना जांच मामले में कार्रवाई कर रही है। घोटाले के मुख्य आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया। जबकि, पार्षद को पकड़कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस पार्षदों का शोषण कर रही है।

शुक्रवार को पार्षद अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप एकत्रित हुए। यहां उन्होंने पुलिस का पुतला दहन किया। पार्षदों ने कहा कि कुछ माह पूर्व नगर निगम में फर्जी दस्तावेज के जरिए धनराशि हड़पने का मामला प्रकाश में आया था। मामले में पुलिस ने निगम के लेखाकार के साथ ही एक महिला ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। बताया कि मुख्य आरोपित को पकड़ने के बजाय पार्षद को जेल भेज दिया है। पार्षद पुलिस की इस कार्यप्रणाली का विरोध करते हैं। पुलिस मामले में लापरवाही दिखा रही है। पुतला दहन करने वालों में सूरज प्रसाद कांति, अनिल नेगी, विपिन डोबरियाल, नईम अहमद, सोनिया नेगी, आशा चौहान, बीना नेगी, पिंकी रावत, रोहिणी देवी, विजेता रावत आदि मौजूद रहे।



**कोटद्वार में एएसपी कार्यालय के समीप पुतला दहन करते नगर निगम के पार्षद**

# अंकिता के माता-पिता ने दिया धरना, बोले आरोपियों का हो नार्को टेस्ट

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर पौड़ी बस अड्डे के समीप पीपलचौरी में डीएसओ व महिला सांस्कृतिक संगठन की ओर से अंकिता हत्याकांड के विरोध में किया जा रहा धरना प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान अंकिता के माता-पिता ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर इस मामले में की जा रही हीलाहवाली पर गहरा आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन की ओर से उन्हें न्याय दिलाए जाने के लिए ठोस पहल नहीं की जा रही है। उन्होंने जल्द से जल्द इस मामले की जांच सीबीआई से कराए जाने व वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग की।

शुक्रवार को धरना स्थल पर पहुंचे अंकिता के पिता व मां ने कहा कि जल्द से जल्द आरोपियों का नार्को टेस्ट हो व उन्हें उनके गुनाह पर फांसी की सजा मिले। उन्होंने कहा कि इस घटना को ढाई माह होने को हैं लेकिन उन्हें अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है। जिससे उनका एक–एक अपनी बेटी को न्याय दिलाने की गुहार लगा कर काटना पड़ रहा है। इधर धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने कहा कि अंकिता के हत्यारों को उदाहरण मूलक सजा देने की मांग के लिए केस को फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाने की मांग की जा रही है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि इस आंदोलन को मजबूत करने के लिए व अंकिता को जल्द से जल्द न्याय दिलाने के लिए अपनी भागीदारी दें। मौके पर सरस्वती देवी, विजेता सेमवाल, पूजा भंडारी, रेशमा, मुकेश सेमवाल, योगेन्द्र कांडपाल, प्रभाकर बाबुलकर, पीवी डोभाल, विनीता खंडूड़ी, कुलदीप, हिमानी, वंदना गुसाईं, रचना भट्ट, संगीता कोठारी, उपासना भट्ट, गंगा असनोड़ा आदि मौजूद रहे। **(एजेंसी)**

# प्लास्टिक पर पूर्णतया रोक लगाना जरूरी



पिथौरागढ़ : नगर के जिला पंचायत सभागार में ठोस अपशिष्ट एवं प्रबंधन विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। इसके बढ़ते इस्तेमाल से पर्यावरण का संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है। ऐसे में प्लास्टिक पर पूर्णतया रोक लगनी बेहद जरूरी है। कहा इसके लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा, तभी प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोका जा सकता है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक के स्थान पर जूट और कपड़े के बैग का इस्तेमाल करने की अपील की है। यहां व्यापार मंडल अध्यक्ष तपन रावत, सीबी गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

### यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली

हल्द्वानी। पुलिस प्रशासन ने लोगों को जागरूक करने को पुलिस कर्मियों के साथ स्कूली बच्चों व आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

एसएसपी पंकज भट्ट के निर्देशन में जिले भर के थाना चौकियों के अंतर्गत लोगों को नियम समझाए गए। इस दौरान तेज रफ्तार, लापरवाही, बिना लाइसेंस, शराब पीकर, बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाने की शपथ दिलाई गई।

बहुउद्देशीय भवन में एसपी सिटी हरबंस सिंह ने कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करवाने के सरल तरीके बताए। सीओ सिटी भूपेंद्र सिंह धोनी ने भोटिया पड़ाव स्थित गुरु तेग बहादुर स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों की सीख दी।

# भोजनमाताओं के वेतन पर हाईकोर्ट ने मांगा सरकार से जवाब



नैनीताल। हाईकोर्ट ने प्रदेश की भोजनमाताओं की विभिन्न मांगों को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने सरकार व केंद्र सरकार से छह सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

प्रगतिशील भोजनमाता संगठन ने याचिका दायर कर कहा है कि प्रदेश की भोजनमाताएं पिछले 18–19 साल से सरकारी स्कूलों में भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। लेकिन सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। जबकि उनके द्वारा स्कूलों में भोजन बनाने के अलावा प्रांगण में झाड़ियों को काटने, लकड़ियां इक्कठी करने का कार्य भी किया जाता है। चुनाव ड्यूटी व अन्य कार्यक्रमों में भी उनसे भोजन बनाने का कार्य कराया जाता है। कोविड के दौरान उनकी ड्यूटी कोविड सेंटरों में भी लगाई गई, परन्तु उन्हें सुरक्षा के कोई उपकरण तक नहीं दिए गए। इसके एवज में उन्हें मात्र 2000 हजार रुपये दिए जाते हैं। इतना कार्य करने के बाद भी सरकार उन्हें निकालने की प्रक्रिया कर रही है। जो असंवैधानिक होने के साथ साथ अमानवीय है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी भोजन माताओं को न्यूनतम वेतन देने के आदेश भी दिए हैं।

# पूर्व अर्द्ध सैनिकों को भी मिले सेना जैसी सुविधाएं

हल्द्वानी। सीआरपीएफ काठगोदाम ग्रुप केंद्र में पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कार्मिक संगठन का सम्मेलन हुआ। प्रदेश भर से आए अर्द्धसैनिक बलों के पूर्व अधिकारियों और जवानों ने शिरकत की।

इस दौरान पूर्व सैनिकों ने उन्हें भी सेना की तरह सुविधाएं दिए जाने की मांग की। शुक्रवार को हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंजाब अध्यक्ष पीएस संधु (बीएसएफ), विशिष्ट अतिथि मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, संगठन अध्यक्ष एसएस कोठियाल (आईजी बीएसएफ) ने किया। मेयर रौतेला ने अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कहा कि नगर निगम की ओर से जल्द ही पूर्व अर्द्ध सैनिकों के लिए भवन का निर्माण कराया जाएगा। अध्यक्ष पीएस संधु ने अर्द्ध सैनिकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कहा कि देश की रक्षा के लिए अर्द्ध सैनिकों का योगदान किसी से कम नहीं है। एडीजी एचआर सिंह ने कहा कि उन्हें भी समान अधिकार दिए जाने चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से सेना तथा अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत्त कार्मिकों को एक ही प्रकार की सुविधाएं देने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन रूप सिंह बिष्ट ने किया। मौके पर बीडी जोशी, संगठन सचिव आईजी एनएस ठाकुर, कमांडेंट आईटीबीपी जेएस तड़ियाल, कमांडेंट सीआरपीएफ सुभाष रावत, इंस्पेक्टर बीएसएफ बलविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी केशवानंद बहुगुणा आदि रहे।

### सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

बागेश्वर : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इसके अलावा हिमाचल में मिली जीत पर जश्न मनाया। खुशी में झूमे कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान्न वितरण किया।

## अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच और वीआईपी का नाम उजगार करें



अल्मोड़ा : आम आदमी पार्टी यूथ विंग ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने और वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग की है। मामले में यूथ विंग कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को गांधी पार्क में प्रदर्शन किया। तमाम जनप्रतिनिधियों के लिए चूड़ियां भेजी। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर सड़कों में उतकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मामले में तीन माह से ऊपर का समय हो गया है। लेकिन अब तक हत्याकांड की सीबीआई जांच तक नहीं हुई है। यहां तक कि वीआईपी का नाम भी उजागर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले में सरकार चुप बैठी है। भाजपा सरकार में लगातार महिलाओं में अपराध बढ़ रहे हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच और वीआईपी का नाम उजागर नहीं होता आप आंदोलनरत रहेगी। यहां यूथ विंग जिलाध्यक्ष दानिश कुरैशी, मनीष मेहता, तनुज मेहता, किरण आर्य, सूरज आर्य, सुनील टम्टा, अन्नू भट्ट मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कूड़ा निस्तारण को लेकर निकाय स्तरीय गोष्ठी का आयोजन

काशीपुर। स्वच्छ भारत मिशन, शहरी विकास विभाग के आदेश पर नगर निगम के सभागार प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर निकाय स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जहां लोगों ने अपने अपने सुझाव दिए। शुक्रवार को नगर आयुक्त विवेक राय ने निगम क्षेत्र में आने वाले सभी सरकारी, निजी आवासीय कॉलोनियों और प्रतिष्ठानों से निकले कूड़े के निस्तारण के संबंध में जानकारी दी।

कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था पर गोष्ठी में आये लोगों को अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि तीन स्तरीय रणनीति के के तहत योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें पहला वह सारा प्लास्टिक जिसका उत्पादन और इस्तेमाल किया जाता है, उसे निस्तारण (डिस्पोजल) के लिए इकट्ठा किया जाए। दूसरे में प्लास्टिक के कचरे को रिसाइकिल किया जाए या इसे कचरा–भराव क्षेत्र (लैंडफिल साइट) तक नहीं पहुंचने दिया जाए। जिससे जलाशयों को अवरुद्ध करने से रोका जा सके। गोष्ठी में आये पार्षदों, व्यापारियों व विभिन्न समितियों के लोगों ने भी अपने विचार रखे। यहां विकास शर्मा खुद्दू, आकाश गर्ग, प्रभात साहनी, रवि प्रजापति, फिरोज हुसैन, सादिक हुसैन, राजकुमार सेठी, सुनील कुमार शर्मा, संजय कुमार, अनिल जोशी, अनिल कुमार शर्मा, राजकुमार, राजेन्द्र प्रसाद जोशी, सीआर आर्या, जगदीश सिंह राणा, राजू कुमार, अजय रहे।

### दो युवकों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। राधेश्याम निवासी वार्ड पांच ने दो लोगों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। राधेश्याम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वन देवी मंदिर में भंडारे के आयोजन करने पूरा परिवार गया था। वह मंदिर में बाबा जगदीश गिरी के साथ रुका रहा। यहां ईश्वरी प्रसाद समेत दो युवक आये। वह बाबा जगदीश गिरी के साथ बहस कर गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर दोनों से उसके साथ मारपीट कर दी।

# बिना रॉयल्टी जा रहे दो डंपर समेत चार वाहनों को कब्जे में लिया

काशीपुर। राजस्व एवं तहसील प्रशासन की टीम ने अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कोसी नदी में खनन कर रहे दो डंपर समेत चार वाहनों को कब्जे में ले लिया।

शुक्रवार को एसडीएम राकेश तिवारी ने तहसीलदार के साथ मिलकर कोसी नदी में छापेमारी की। नदी से उपखनिज लेकर निकल रहे वाहनों को एसडीएम ने चेक किया। रॉयल्टी न दिखा पाने के कारण उन्होंने दो डंपर और दो ट्रैक्टर–ट्रॉली को पकड़कर एक स्टोन क्रशर में सुरक्षित रखवा दिया। बताया कि इन वाहनों के चालकों का कहना है कि इनके पास रॉयल्टी है और वह इनके मालिकों के पास है। ऐसे में एसडीएम ने इन वाहन चालकों को शनिवार सुबह 10 बजे तक का अल्टीमेटम देकर रॉयल्टी दिखाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि यह लोग कागजात नहीं दिखा पाए तो उनके वाहनों को सीज कर दिया जाएगा। कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। वहीं, एसडीएम को देखकर खनन कर रहे लोग इधर–उधर खिसक लिए।

### सट्टेबाजी के आरोप में दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। खटीमा पुलिस ने सट्टेबाजी करते दो लोगों को गिरफ्तार किया। बाजार चौकी प्रभारी होशियार सिंह को सूचना मिली कि इस्लामनगर में दो युवक सट्टा खिलवा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम मोहम्मद अहमद निवासी वार्ड नंबर 15 चंद्रवाटिका बताया, जबकि दूसरे ने दिलशाद उर्फ छेदी निवासी वार्ड नंबर पांच बताया। दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर सट्टे की कॉपी, एक बॉलपेन और 1570 रुपये नगद बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट में कार्रवाई की है।

### छात्रों ने ली बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने की शपथ

काशीपुर। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जन जागरुकता अभियान के तहत विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने शपथ ग्रहण करते हुए दो पहिया वाहनों को बिना हेलमेट न चलाने, ट्रिपिल राइडिंग न करने के साथ–साथ यातायात के नियमों का पालन करने का भरोसा दिलाया।

प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने नाबालिग छात्रों से वाहन न चलाने की अपील की। यहां मेजर मुनीशकांत शर्मा, एनएसएस प्रभारी दीपक शर्मा, श्रवण कुमार मिश्रा, रणधीर सिंह, कौशलेश गुप्ता, पंकज कुमार तिवारी, अनिल कुमार सिंह, मनीषा चौहान रहीं।

# बाजपुर में अनियमितताएं मिलने पर दो अस्पताल सील



काशीपुर। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत के निर्देश पर एसडीएम ने तीन निजी अस्पतालों और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने अनियमितता मिलने पर दो निजी अस्पतालों को सील कर दिया। शुक्रवार को एसडीएम राकेश चंद तिवारी ने स्वास्थ्य, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के साथ बेरिया रोड स्थित सेवा हॉस्पिटल, न्यू लाइफ हॉस्पिटल, केयर हॉस्पिटल और बॉम्बे अल्ट्रासाउंड सेंटर में छापा मारा। इस दौरान सेवा और न्यू लाइफ हॉस्पिटल में कोई भी डॉक्टर दिखाई नहीं दिया और अस्पताल में अनियमितताएं भी पाए गईं। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सीएमएस डॉ. पंकज माथुर ने अस्पताल से संबंधित दस्तावेजों की जांच की, जिसमें अस्पताल के दस्तावेज पूर्ण नहीं पाए गए। जिसके चलते एसडीएम दोनों अस्पतालों को सील कर दिया है। इधर, केयर हॉस्पिटल और बॉम्बे अल्ट्रासाउंड सेंटर के दस्तावेज और अस्पताल में डॉक्टर तैनात दिखाई दिए। उन्होंने हॉस्पिटल के संचालक को अस्पताल में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर फर्जी अस्पतालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चल रहे फर्जी अस्पतालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बागेश्वर में नहीं मिल रही जाम से निजात, लोग परेशान



बागेश्वर : शादी–विवाह का सीजन शुरू होते ही जाम का झाम बढ़ जाता है। शुक्रवार को लगे जाम में सीएमओ की गाड़ी भी फंस गई। आधे घंटे तक लगे जाम से हर कोई हलकान हो गया। स्कूल जाने वाले बच्चों तथा कार्यालय जाने वालों को अधिक परेशानी हो रही है। जाम का आलम यह है कि लोगों का पैदल चलना भी मुहाल हो गया है। यातायात पुलिस सुबह से लेकर शाम तक जाम खुलवाने में लगी है, लेकिन जाम कम नहीं हो रहा है। रिंग रोड बनने के बाद भी नगर को जाम से निजात नहीं मिल रहा है। पार्किंग नहीं होने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। यही वाहन जाम में सहायक हो रहे हैं। इधर यातायात पुलिस निरीक्षक आरएस रावत ने बताया कि नो पार्किंग में खड़े वाहनों का पुलिस लागतार चालान कर रही है। यातायात पुलिस महत्वपूर्ण स्थानों पर सुबह से ही तैनात है। (एजेंसी)

### हिमवीरों ने लोगों को किया जागरूक

चम्पावत : आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी छमनियां लोहाघाट ने स्वच्छता पखवाड़े के पाटन पुल से लेकर छमनियां चौड़ तक स्वच्छता अभियान का संचालन किया। इस दौरान हिमवीरों ने लोगों को जागरुक किया।

आईटीबीपी के कमांडेंट बसंत कुमार नोगल के दिशा निर्देशन में हिमवीरों ने पाटन पुल, प्रेमनगर, पऊ गलचौड़ा, रोडवेज कार्यशाला, पालीटैक्निक आदि में साफ सफाई की। इस दौरान हिमवीरों ने लोगों को जागरुक भी किया। इस मौके पर सहायक सेनानी जगदीश प्रसाद चंदोलिया, हरीश चन्द्र, मुमताज अली, सौरभ दिक्षित, नवीन चन्द्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती गंभीर

हल्द्वानी। गौलापार बाईपास रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखचे उड़ गए और स्कूटी सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती को एसटीएच में भर्ती कराया गया है। वनभूलपुरा पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह गौरापड़ाव निवासी रूपाली (19) पुत्री शेखर बचखेती स्कूटी से दूध देने डेयरी जा रही थी। इस बीच पीछे से आ रही कार ने उसकी स्कूटी पर जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान स्कूटी और रूपाली दोनों कार के एक किनारे में फंस गए। इससे स्कूटी के परखचे उड़ गए और रूपाली गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद कार चालक दिवान सिंह ने घायल रूपाली को एसटीएच में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस के मुताबिक रूपाली की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल चालक पुलिस की हिरासत में है।

### अधिकारी योजनाओं को धरातल में उतारें : सीडीओ

चम्पावत : सीडीओ राजेंद्र सिंह रावत ने कृषि विभाग की ओर से संचालित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जल संवर्धन के लिए टैंक बनाने, और लोगों को मत्स्य पालन से जोड़ने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय बना कर योजनाओं को धरातल में उतारने को कहा। सीडीओ ने जगह जगह विभागीय विकास योजनाओं से संबंधित बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कृषि अधिकारी को हर 15 दिन में किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लक्ष्य को समय से पूर्ण करने को कहा।

# छात्रों को गृह, नक्षत्रों के बारे में जानकारी दी

पिथौरागढ़ : नगर के मल्लिकार्जुन पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय एस्ट्रो पाठशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने टेलिस्कोप के माध्यम से आकाशीय पिंड़ो, गृह नक्षत्रों के बारे में जाना। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधिका रचना जोशी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों बच्चों को नया सीखने को मिलता है। साथ ही उनके भविष्य निर्माण के लिए लाभदायक साबित होगा। वैज्ञानिक अजय रावत और राहुल प्रांथी ने बच्चों को सोरमंडल के गृह, नक्षत्र, तारों के जरिए दिशा का अवलोकन के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में एस्ट्रोनोमी के स्कोप से भी अवगत कराया। यहां तकनीकी टीम के रामिन थापा, श्रेष्ट तिवारी, प्रबंधक रुद्राक्ष जोशी, प्रधानाचार्य राजेश्वरी शर्मा, रुचि मेहता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### 12 को होगी गुरिल्लों की बैठक

अल्मोड़ा : 12 दिसंबर को गुरिल्लों की बैठक बागेश्वर के नुमाइशखेत मैदान में होगी। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने बताया बैठक के बाद 14 व 15 दिसंबर को देहरादून में गुरिल्लों से चर्चा परिचर्चा के बाद एक शिष्टमंडल राज्य सरकार के मंत्रियों, अधिकारियों से मुलाकात कर राज्य स्तर पर लंबित मुद्दों के निराकरण की मांग करेगा। 16 दिसंबर को गुरिल्लों की गढ़वाल मंडल स्तरीय बैठक पौड़ी गढ़वाल में होगी। (एजेंसी)

### छात्राओं को दी महिला अपराध की जानकारी

चम्पावत : थाना पुलिस लोहाघाट ने जीआईसी काकड़ में जागरुकता अभियान का संचालन किया।

इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को कई जानकारियां दी। एसओ मनीष खत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्राओं को साईबर क्राईम, महिला अपराध, नशे से होने वाली दुष्प्रभावो और यातायात के नियमों, पुलिस सहायता नंबर के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने साईबर सहायता के बारे में जानकारी और गौरा शक्ति ऐम में रजिस्ट्रेशन की सलाह दी। (एजेंसी)

# 63 बच्चों की जांच कर बांटी दवा



अल्मोड़ा : लमगड़ा ब्लॉक के राजकीय प्राथमिक विद्यालय व आगंनबाड़ी केंद्र लमगड़ा में होम्योपैथिक अस्पताल संग्रोली की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें स्कूल में पढ़ रहे 63 बच्चों के स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही निःशुल्क दवा भी बांटी। निदेशालय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं देहरादून डॉ. जेएल फिरमाल और होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी अल्मोड़ा डॉ. बीना बरगली के निर्देश पर आयोजित शिविर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय संग्रोली के प्रभारी चिकित्सक डॉ. नवीन सिंह के नेतृत्व में टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी सलाह दी। वहीं इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने सही पोषण, बेहतर स्वास्थ्य एवं डेंगू समेत विभिन्न बीमारियों के लक्षण और बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां फार्मासिस्ट प्रमोद कुमार, एमपीडब्लू टीका सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### पुलिस ने छात्र-छात्राओं को बताएं यातायात के नियम

अल्मोड़ा : पुलिस ने हुकुम सिंह बोरा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, संकेतों व चिन्हों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चे बालिग होने तक वाहन न चलाएं। उत्तराखंड पुलिस एप, महिला सुरक्षा कवच, गौरा शक्ति एप के बारे में भी जानकारी दी। एसओ विजय सिंह नेगी ने बताया कि अभियान के दौरान महिला सुरक्षा संबंधी कानून, साइबर अपराध, बाल अपराध, साइबर अपराध से संबंधित टॉल फ्री नंबर 1930 के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। (एजेंसी)

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

अल्मोड़ा : भाजपा मंडल कमेटी के कार्यकर्ताओं ने गुजरात चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर देवेंद्र जोशी के प्रतिष्ठान में बैठक की। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की गुजरात और केंद्र सरकार के जनहित के कार्यों पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस मौक पर मंडल अध्यक्ष खड़क सिंह नेगी, महामंत्री चंदन बिष्ट, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता राम दत जोशी, विनोद पांडेय, प्रमोद कुमार, दलीप रौतेला, गोविंद सिंह, अमर सिंह, दीवान राम, लाल सिंह बजेठा, पंकज बजेली, योगेश कांडपाल, गिरीश कांडपाल, दलीप सिंह राणा, दीप कांडपाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# एनजीटी के मानक के अनुसार निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ कराएं : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नमांमि गंगे समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने नमामि गंगे के कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े विभागों और एजेंसियों को एनजीटी के मानक के अनुसार नमामि गंगे से जुड़े सभी निर्माण कार्यों को उचित गुणवत्ता और पारदर्शिता से संपादित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर और सिंचाई विभाग को श्रीनगर स्थित अलकनंदा हाइड्रो पावर प्लाण्ट में मानक के अनुरूप ई-फ्लो (वाटर-फ्लो) प्रवाहित हो रहा है कि नहीं, इसकी स्थलीय जांच करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लड़ प्लेन (वाटर कैचमेंट के नजदीक) क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए संबंधित को नोटिस निर्गत करने तत्पश्चात अतिक्रमण मुक्ति की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी नगर निकायों (नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों) को निर्देशित किया कि बल्क में पैदा होने वाले वेस्ट का चिन्हिकरण और उसकी प्रकृति के अनुरूप (गीला, सुखा, प्लास्टिक, अजैविक-जैविक) ठोस एवं तरल एवं अपशिष्ट का प्रौपर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी विभिन्न चिकित्सालयों में जनरेट होने वाले जैविक अपशिष्ट का मानक के अनुरूप निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में सदस्य सचिव, प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग पौड़ी मुकेश कुमार, उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, महाप्रबंधक डीआईसी शैलेन्द्र डिमरी, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई मुकेश दत्त, उपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कमलेश, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## छात्र-छात्राओं ने सीखें कत्थक नृत्य के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कोट ब्लाक के राइंका खोलाचौरी में स्पिक मैके संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कत्थक नृत्यांगना वर्षा दास गुप्ता ने डिमॉन्सट्रेशन कार्यशाला मे कत्थक नृत्य की बारीकियों से छात्र-छात्राओं को रूबरू करवाया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों ने छात्र छात्राओं को मनोरंजनपूर्ण वातावरण में कत्थक के कई विधाओं से परिचित करवाया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश आर्य ने सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना वर्षा दास गुप्ता और अतिथियों का स्वागत करते हुए स्पिक मैके संस्था का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच इस प्रकार के कार्यक्रम निभाते हैं। इसके बाद राइंका कोट मे भी वर्षा दास गुप्ता ने कत्थक नृत्य को छात्र-छात्राओं के बीच प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नैथानी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली



यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ लेते हुए कर्मचारी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर सुखरो कोटद्वार और उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय पदमपुर सुखरो में अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ ली।

समस्त अधिकारी, शिक्षकों व कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का पालने करने को लेकर सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा सम्बन्धी बातों का ध्यान रखने, यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन करवाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने, कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाने, कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाने, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात न करने, हमेशा एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड गाडियों को पहले जाने के लिए रास्ता देने तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली गई। इस मौके पर अजय नौडियाल, उमेश कुमार वर्मा, अजीम हैदर नकवी, पार्थ कुमार, जाहिद अहमद, विकास नेगी, लक्ष्माण सिंह बिष्ट, संदीप सिंह नेगी, आशीष, देवेन्द्र प्रसाद, अरूण कुकरेती आदि मौजूद थे।

## नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर अभिभावकों के काटे 25-25 हजार के चालान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी गढ़वाल में नाबालिग बच्चे को वाहन देना परिजनों को महंगा पड़ा है। पुलिस ने नाबालिग के वाहन चलाने पर दस अभिभावकों के 25-25 हजार रुपये के चालान काटे और वाहन भी सीज कर दिये है। दरअसल पौड़ी, श्रीनगर और कोटद्वार शहर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने रैश ड्राइविंग करने पर वाहनों को रोका। पूछताछ से पता चला कि वाहन चालक नाबालिग है जिसके बाद मोटर वाहन अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई।

जनपद पुलिस के सोशल मीडिया कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार नाबालिग के अभिभावकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम 1988 (संशोधित 2019) की धारा 199अ (1) के अन्तर्गत के तहत कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्रों में नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर उनके अभिभावकों एवं वाहन स्वामियों विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। अभियान के दौरान 5 से 9 दिसम्बर तक श्रीनगर पुलिस ने तीन, पौड़ी पुलिस ने एक, कोटद्वार पुलिस ने दो और यातायात पुलिस कोटद्वार/श्रीनगर ने चार नाबालिग किशोरों को वाहन चलाते हुए पाए जाने पर उनके अभिभावकों/वाहन स्वामी के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई है। साथ ही वाहनों को मौके पर ही नियमानुसार मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज किया गया। उक्त अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 (संशोधित 2019) की धारा 199अ(1) के अन्तर्गत नाबालिग द्वारा किए गए अपराध पर उनके अभिभावक/वाहन स्वामियों को दोषी माना जाएगा। उन्होंने अभिभावकों से नाबालिग बच्चों को वाहन न देने की अपील की है।

## राजमार्ग पर बिखरा मलबा, राहगीर और यात्री परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह मलबा बिखरा पड़ा होने से आम राहगीरों, स्थानीय जनता व बाहर से आने वाले यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी लाल सिंह नेगी ने बताया कि राजमार्ग पर ऋषिकेश से श्रीनगर के बीच जगह जगह भारी मलबा और बोल्डर पिछले चार महीने से गिरे हुए हैं। बरसात के चार माह बीतने के बाद भी आलवेदर रोड पर लोगों को जगह-जगह परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

## लगन और सीखने की ललक से मिलेगी सफलता

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में पर्यटन विभाग तथा व्यापार प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रबंधन छात्रों के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जानी मानी एंकर तान्या पुरोहित और समाचार वाचक दीपक डोभाल ने छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास एवं प्रबंधन की बारीकियों से रूबरू कराया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित प्रबंधन छात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम में दीपक डोभाल ने छात्रों को प्रबंधन में पृथक दृष्टिकोण के साथ परिवेश में विशिष्टता को खोजने, आत्मसात करने और क्रियान्वयन में परिष्कृत करने की दक्षता से सफलता का मंत्र प्रदान किया। दीपक ने बताया कि यदि परिमार्जित, परिष्कृत और परिवर्तित करने का मंत्र तथा निपुणता हम अपने जीवन में सकारात्मकता के साथ ला सकें तो यही सफलता की गारंटी है। एंकर तान्या पुरोहित ने आत्मविश्वास और प्रयास के साथ-साथ प्रैक्टिस के महत्व को सफलता का मापदंड बताया।

# सूखे और गीले कूड़े से बढ़ेगी पंचायतों की आय : सचिन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत विकासखंड कोट की न्याय पंचायत पोखरी के फलस्वाडी गांव में ग्राम पंचायत विकास योजना, ई ग्राम स्वराज पोर्टल, पंचायत एप्लीकेशन मिशन, ई वेस्ट मैनेजमेंट के विषय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिन कुमार ने बताया कि पूरे प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने हिटिंग मैनेजमेंट के द्वारा सूखे कूड़ा की ईट बनाकर ज्वालापुर हरिद्वार में रीसाइक्लिंग प्लांट में भेजने को कहा। उन्होंने बताया कि सहारनपुर जिले में नगर पालिका क्षेत्र में गीले कूड़े में केमिकल मिलाकर उसे लिक्विड पदार्थ में तब्दील कर किचन गार्डन में डालने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस तरह से सूखे कूड़े एवं गीले कूड़े के प्रबंधन से पंचायतों की आय बढ़ रही है।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष प्रयास स्वयं सेवी संस्था डाकपत्थर हरपाल सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत के विकास की गाथा के इतिहास को बताते हुए कहा कि पूर्व में छोटे-छोटे गणराज्य होते थे जिनके अंतर्गत सर्वसम्मति से लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत सरपंचों का चुनाव होता था। कालांतर में विदेशी सत्ता के स्थापित होने के कारण लोकतंत्र के स्थान पर तानाशाही राज्य की अवधारणा स्थापित हुई तथा तानाशाही राजतंत्र स्थापित हुआ। देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत पंचायतों के चुनाव 1952 में सीधे जनता के द्वारा हाथ उठाकर चुनाव किया गया, 1952 में बैलेट पेपर से चुनाव हुआ, 1960, 1970 एवं 1981 में चुनाव प्रक्रिया पंचायत राज व्यवस्था के अंतर्गत कराई गई। पंचायत राज अधिनियम की स्थापना हेतु सरकार के द्वारा अशोक मेहता समिति की सिफारिश के अनुसार 1993 में 73वां संशोधन अधिनियम लागू कर किया गया। इस अवसर पर पूरन सिंह नेगी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम में सरोज रावत, कुसुमलता, नागेंद्र कुकरेती, भारती कुकरेती, अमर भट्ट, हेमंत सिंह, मेघा रावत, नीलम भट्ट, रजनी देवी, रूपा देवी, सूरज रावत, मोहित सिंह, कमला देवी, राकेश चंद्र भट्ट आदि मौजूद थे।



कोट ब्लॉक की न्याय पंचायत पोखरी के फलस्वाडी गांव में कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ता।

## प्राधिकरण के फैसले को लागू कराने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : रेल परियोजना से प्रभावित स्वीत के ग्रामीणों ने 11 जून 2019 को प्राधिकरण कोर्ट की ओर से मुआवजा एवं नौकरी के संदर्भ में दिए गए फैसले को लागू कराए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में प्रभावित मंगल सिंह रावत, आनंद सिंह की ओर से परियोजना प्रबंधक रेलवे विकास निगम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि प्राधिकरण के फैसले पर आरवीएनएल ने 2019 में ही हाईकोर्ट में अपील की थी। लेकिन 23 जून 2022 को इसे वापस ले लिया गया। लेकिन आरवीएनएल ने छह माह बाद भी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। कहा इसी संदर्भ में 11 नवंबर 2022 को आरवीएनएल एवं डीएम पौड़ी को पत्र दिया गया था।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का वास्तविक नाम योगम्बर सिंह है, जो कि परिवार रजिस्ट्रर भाग दो में अंकित है, जबकि मेरे स्कूल के प्रमाण पत्रों व विवाह प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम भूलवश जोगी सिंह अंकित हो गया है। योगम्बर सिंह व जोगी सिंह एक ही व्यक्ति के नाम है।

**सोहन सिंह पुत्र योगम्बर सिंह**
**ग्राम जमरगड्डी, पट्टी सीला**
**तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी**
**गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**
**(0735/25)**


# डीएम ने अधिकारियों को अधूरी जानकारी देने पर लगाई फटकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जलागम समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने आधी अधूरी जानकारी के साथ आने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

शुक्रवार को डीएम सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने विभाग की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा आधी अधूरी जानकारी के साथ बैठक में आने पर जमकर फटकार लगाई। कहा कि बैठक में अधिकारी पूरी जानकारी के साथ आए। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों द्वारा दिखाए जा रहे आंकडों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि जलागम द्वारा किए जा रहे कार्यों में अधिकारी गुणवत्ता से काम करे और किसानो से पूछकर ही कार्य किए जाए। डीएम ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए। इस दौरान जलागम में पशुपालन, कृषि व अन्य विभागों की योजनाएं शामिल नहीं होने पर डीएम ने अफसरो को जमकर लताड़ भी लगाई। डीएम ने जलागम, परियोजना निदेशक, सिंचाई, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग के अफसरों को समन्वय बनाते हुए योजनाओं को फिर से बनाने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, मुख्य उद्यान अधिकारी डा.डीके तिवारी, पीडी एसके रॉय आदि शामिल थे।

## रोजगार, शिक्षा और पेयजल सहित बुनियादी सुविधाओं पर होगा फोकस

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत न्याय पंचायत घेरूवा में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। संकुल केंद्र घेरुआ में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत विकास योजना और सतत विकास लक्ष्यों पर ग्रामीण हिमालयन अध्ययन एवं संरक्षण संस्था के मास्टर ट्रेनर द्वारा जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर एलपी नैथानी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा पूरे विश्व में 17 विकास लक्ष्यों को 2030 तक हासिल करना है, जिसमें गरीबी मुक्त, स्वच्छ और स्वस्थ गांव, रोजगार, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर फोकस किया जायेगा। एलपी नैथानी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 17 लक्ष्यों को 9 थीम में बांट दिया गया है। पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर संदीप गुसाईं ने बताया कि इस चार दिवसीय प्रशिक्षण से ग्रामीण स्तर पर ग्राम पंचायत विकास योजना को बनाने में मदद मिलेगी।

राज्य और भारत सरकार द्वारा गांवो में स्वच्छता और पेयजल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण के पीएलवी विनोद चौहान ने जन प्रतिनिधियों को ऑनलाइन ठगी के बारे में महतवपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑन लाईन ठगी होने से तुरन्त पास के थाने में शिकायत दर्ज कराएं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राहुल चौधरी ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ज्योति देवी, मधु देवी, सुनीता देवी, अल्का देवी, मंजू देवी, अंजू देवी, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, जसपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पोखडा गढ़वाल**

पत्रांक-926/2-लेखा/मे0गा0मे0स0/2022-23 दिनांक 09/12/2022

**अल्पकालीन निविदा**

इस विकास खण्ड के अन्तर्गत मेरा गांव मेरी सड़क योजना के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत कार्य ग्राम पंचायत तिलखोली में सी0सी0 सड़क निर्माण हेतु प्रथम भाग में कटिंग कार्य (मशीनों द्वारा) हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से दिनांक 19-12-2022 को दोपहर 12 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें इसी तिथि को दोपहर 2 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्म या उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख समिति द्वारा खोली जायेगी। कटिंग कार्य हेतु एक सप्ताह निर्धारित किया जाता है। स्वीकृत कटिंग कार्य की कुल लगात 468200.00 रू0 है। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 का स्टाम्प पेपर तथा 2 प्रतिशत जमानत की राशि का ड्राफ्ट खण्ड विकास अधिकारी पोखडा के नाम बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किये जा सकते है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

ह0
(ओम प्रकाश रावत)
खण्ड विकास अधिकारी
पोखड़ा गढ़वाल।


## नशे में कोतवाली पहुंचा युवक

रुद्रपुर। नशे में धुत एक व्यक्ति शुक्रवार को कोतवाली पहुंच गया। इस दौरान उसने एक महिला पर मारपीट का आरोप लगाया। साथ ही कोतवाल विक्रम राठौर से मौखिक शिकायत पर ही कार्रवाई करने की मांग करने लगा। काफी देर तक वह हाथ जोड़कर बार–बार महिला पर कार्रवाई की मांग करता रहा। जब उससे लिखित में शिकायत देने को कहा तो मना करने लगा।

बाद में उसने एक कागज कोतवाल के हाथ में थमा दिया। जब कोतवाल ने कागज खोला तो वह कोरा निकला। इसके बाद कोतवाल ने उसे समझा कर वापस भेज दिया।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने पूरी रात दिया धरना

श्रीनगर गढ़वाल : एचएनबीजीयू स्टूडेंट्स वॉइस संगठन के बैनर तले चार सूत्रीय मांगों को लेकर छात्रों ने विवि के प्रशासनिक भवन परिसर में पूरी रात कड़ाके की ठंड में धरना दिया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि वह गुरुवार को सुबह से अपनी मांगों को लेकर प्रशासनिक भवन में धरना दे रहे थे, लेकिन विवि के किसी भी अधिकारी ने उनसे वार्ता करने का प्रयास तक नहीं किया। जिसके कारण उन्हें पूरी रात धरना देने को विवश होना पड़ा।

शुक्रवार को धरना प्रदर्शन के दौरान संगठन के सौरभी चंद्र सानू ने कहा कि विवि की हठधर्मिता के कारण विद्यार्थियों की कड़ी ठंड में पूरी रात बितानी पड़ी। कहा इस दौरान उन्हें रात भर भूखे रहना पड़ा। कहा परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने में हुई गड़बड़ियों के विरोध एवं रि-चेकिंग कराए जाने की मांग को लेकर उनका धरना दिया जा रहा है। कहा कोरोना महामारी के दौरान छात्र-छात्राओं के अंकों में भारी गड़बड़ियां हुई। जिसको अभी तक नहीं सुधारा गया है। जिस कारण छात्रों के परीक्षा परिणाम में सीजीपीए बहुत कम कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में उनका धरना तब तक जारी रहेगा जब तक विद्यार्थियों की मांग पूरी नहीं कर दी जाएगी। इस मौके पर अखिलेश कुमार, नीरज, पंकज, मोहित, बॉबी चौहान, योगेश कन्याल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया

पिथौरागढ़ : सीमांत के सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारियों ने यातायात नियमों का पालन करने को शपथ ली। नगर के कलक्ट्रेट में शुक्रवार को कर्मचारी एकत्र हुए। इस दौरान डीएम रीना जोशी ने कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलाई। (एजेंसी)


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-पौड़ी**

पत्रांक :- 1479 / ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना-02/2022-23/ दिनांक 09-12-2022

**''ई-निविदा आमन्त्रण सूचना''**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से सक्षम निविदादाताओं से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा ऑन-लाईन दिनांक 19-12-2022 को पूर्वाहन 11:30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष इस कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्तें, http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 12-12-2022 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद / विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड खिर्सू के ग्रामसभा डुंगरीपंथ के अन्तर्गत पंचायत भवन (सामान्य वर्ग) का निर्माण कार्य। | पौड़ी/ खिर्सू | 55.00 | 1,10,000.00 | नि0मू0-4000 +GST-720 पृथक-पृथक | 10 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45 दिन |
| 2 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड खिर्सू के ग्रामसभा डुंगरीपंथ के अन्तर्गत पंचायत भवन (अनुसूचित जाति) का निर्माण कार्य। | पौड़ी/ खिर्सू | 55.00 | 1,10,000.00 | नि0मू0-4000 +GST-720 पृथक-पृथक | 10 माह | भवन निर्माण कार्यों में ''डी'' एवं उच्चतर | 45 दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी**

(0734/63)

सम्पादकीय

# क्षेत्रों में धार्मिक निर्माण

वन मंत्रालय की ओर से कुछ ऐसे आंकड़े पेश किए गए हैं जो चौका देने वाले हैं। यह आंकड़े वन क्षेत्रों में बन रहे धार्मिक निर्माणों को लेकर है जिनके बारे में विभाग को यह जानकारी नहीं है कि यह कब बने और किसने बनवाए। सुनने में हैरानी भरा लगता है की अफसरों को इन अवैध निर्माणों का पता ना हो लेकिन अफसरों का एवं फील्ड कर्मचारियों का मौन धारण किए रहना अचंभित कर देने जैसा है। इन वन क्षेत्रों में गोविंद वन्य जीव विहार, गंगोत्री नेशनल पार्क, कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क शामिल है। इन स्थलों पर मजार, मस्जिदे, कब्रिस्तान, मंदिर व अन्य गुफाएं बनाई गई है। उत्तराखंड के कई क्षेत्रों में मजारे बनाने के कई मामले इससे पूर्व भी सामने आ चुके हैं जिन्हें लेकर कई बार विवाद भी उत्पन्न हो चुका है। वन क्षेत्रों में चोरी-छिपे बनाए गए इन धार्मिक निर्माण को लेकर अब विभाग गंभीर है लेकिन इन्हें हटाने को लेकर अधिकारियों की ओर से अभी कोई संकेत नहीं मिल रहे हैं। हालांकि कुछ मामलों में धार्मिक स्थलों के कब्जे मुक्त कराए गए हैं। हैरान कर देने वाला है कि जिन आरक्षित वन क्षेत्रों में किसी को जाने की अनुमति तक नहीं है वहां कैसे यह निर्माण कर लिए गए? कब कच्चा माल और सीमेंट इत्यादि पहुंचा होगा इसकी जानकारी तक वन रक्षकों एवं रेंजर्स को नहीं है। सीधे तौर पर यह आरक्षित क्षेत्रों में कब्जे की प्रवृत्ति से जुड़ा हुआ है। यहां वन विभाग यदि जानकारियां सामने आने के बाद भी कार्रवाई नहीं करता है तो समझ लेना चाहिए कि सब कुछ अंदरखाने की सहमति से ही चल रहा है। हालांकि विभाग अब इन प्रकरणों में शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कर रहा है लेकिन यदि आरक्षित वन क्षेत्रों में इसी प्रकार से धार्मिक स्थलों को बनाने के मामले सामने आते रहे तो आने वाले दिनों में प्रदेश के माहौल को खराब करने का एक बड़ा कारण भी बन सकता है। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने चाहिए एवं विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए इस प्रकार की घटनाओं पर रोकथाम लगाना सुनिश्चित करना चाहिए। चिंता की बात तो यह है कि राजाजी टाइगर रिजर्व क्षेत्र एवं कार्बेट टाइगर रिजर्व क्षेत्र में सर्वाधिक मजारों का निर्माण किया गया है। उत्तराखंड में एकाएक इस प्रकार के मामले आखिर कैसे बढ़ गए यह चिंता का विषय है। साफ है कि बाहरी तत्वों द्वारा जंगलों को खासतौर पर चिन्हित किया गया है और कोशिश भी की गई है कि एक बार निर्माण होने के बाद धार्मिक भावनाओं के कारण इन्हें तोड़ना आसान नहीं होगा। बहरहाल स्थानीय लोगों एवं सरकारी अधिकारियों को इस दिशा में सतर्क रहने की जरूरत है एवं यदि कहीं भी ऐसे निर्माण किए जा रहे हैं या किए जा चुके हैं उन्हें तत्काल कब्जा मुक्त कराना चाहिए।

# फिलवक्त महंगाई नियंत्रण पर नजर

**बैंक अफ महाराष्ट्र की उधारी में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमा में 8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई। सेंट्रल बैंक की ा ण वृद्धि दर 12 प्रतिशत है, लेकिन जमा वृद्धि दर महज 2 प्रतिशत। निजी बैंकों में भी ऐसे ही हालात हैं। सभी सूचीबद्ध निजी बैंकों में से केवल दो बैंकों ने ा ण के मुकाबले जमा में अधिक वृद्धि दर्ज की। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में जमा वृद्धि दर 37 प्रतिशत रही जबकि ा ण वृद्धि दर 32 प्रतिशत। यस बैंक की जमा वृद्धि दर 13 प्रतिशत रही जबकि ा ण वृद्धि दर 11 प्रतिशत। 18 नवम्बर, 2022 को बैंकों के जमा में वृद्धि पिछले साल की समान अवधि में 96 प्रतिशत बढ़कर 17295 लाख करोड़ रुपये हो गई जो 4 नवम्बर के 82 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में थोडा ज्यादा है। बैंक बन्ड के जरिए भी पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।**

सतीश सिंह

मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को रेपो दर में बार-बार इजाफा करना पड़ रहा है, क्योंकि इसमें बढ़ोतरी से ऋण दर में इजाफा होता है, लेकिन महंगाई में कमी आने की संभावना बढ़ जाती है।

रेपो दर में वृद्धि से बैंक महंगी दर पर कर्ज देते हैं, जिससे लोगों के पास पैसों की कमी हो जाती है। कम आय और उत्पादों की ज्यादा कीमत होने से मांग में कमी आती है, और जब किसी उत्पाद की मांग में कमी आती है, तो उसकी कीमत में भी कमी आ जाती है। सात दिसम्बर की मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 035 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जिससे रेपो दर 590 से बढ़कर 625 प्रतिशत हो गई।

वैसे, खुदरा महंगाई अभी भी रिजर्व बैंक द्वारा तय महंगाई दर की ऊपरी सीमा 600 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। रिजर्व बैंक का मानना है कि वित्त वर्ष 2023 में खुदरा महंगाई 67 प्रतिशत रह सकती है। केंद्रीय बैंक इसे 4 प्रतिशत के स्तर पर लाना चाहता है, लेकिन वित्त वर्ष 2024 में भी महंगाई दर के 54 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। मौजूदा परिदृश्य में लगता है कि महंगाई लंबे समय तक परेशान करने वाली है। महंगाई के उच्च स्तर पर रहने के बावजूद ा ण दर में उल्लेखनीय तेजी आने की वजह से अर्थव्यवस्था थोड़ी बेहतर स्थिति में है अन्यथा जीडीपी वृद्धि की रफ्तार और भी कम होती। केंद्रीय बैंक के अनुसार 18 नवम्बर, 2022 तक बैंकों द्वारा दिया जाने वाला ा ण 172 प्रतिशत बढ़कर 12948 लाख करोड़ रु पये हो गया जबकि 4 नवम्बर को ा ण वृद्धि दर 17 प्रतिशत थी। कर्ज की मांग में तब तेजी आ रही है, जब ा ण दर ज्यादा है, अगर यह सस्ती होती तो भारत में जीडीपी की रफ्तार और भी तेज होती। उधारी में उठाव और रेपो दर में वृद्धि की वजह से बैंकों को जमा बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है। विगत 12 महीनों में 12 सरकारी बैंकों में से महज 4 बैंकों ने जमा में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की जबकि एक को छोड़कर अन्य बैंकों की उधारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।




बैंक अफ महाराष्ट्र की उधारी में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमा में 8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई। सेंट्रल बैंक की ऋण वृद्धि दर 12 प्रतिशत है, लेकिन जमा वृद्धि दर महज 2 प्रतिशत। निजी बैंकों में भी ऐसे ही हालात हैं। सभी सूचीबद्ध निजी बैंकों में से केवल दो बैंकों ने ा ण के मुकाबले जमा में अधिक वृद्धि दर्ज की। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में जमा वृद्धि दर 37 प्रतिशत रही जबकि ऋण वृद्धि दर 32 प्रतिशत। यस बैंक की जमा वृद्धि दर 13 प्रतिशत रही जबकि ऋण वृद्धि दर 11 प्रतिशत।

18 नवम्बर, 2022 को बैंकों के जमा में वृद्धि पिछले साल की समान अवधि में 96 प्रतिशत बढ़कर 17295 लाख करोड़ रुपये हो गई जो 4 नवम्बर के 82 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में थोडा ज्यादा है। बैंक बन्ड के जरिए भी पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने हाल में 10 वर्षीय इंफ्रास्ट्रक्चर बन्ड के पहले निर्गम के जरिए 10,000 करोड़ जुटाए हैं।

मुद्रास्फीति की वजह से लोगों की खरीदने की क्षमता घट जाती है। भारत समेत अनेक देशों के लोगों की क्रय शक्ति कम हो गई है। ऐसे में लोगों की कमाई कम नहीं होती है, लेकिन मुद्रा की कीमत कम हो जाने से लोगों को किसी भी वस्तु को खरीदने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते, जिसके कारण वे न तो जरूरत के सामान खरीद पाते हैं, और न ही बचत कर पाते हैं। आर्थिक गतिविधियां धीमी पडने लगती हैं। उत्पादन और विकास दर, दोनों में गिरावट दर्ज की जाती है। रोजगार सृजन का कार्य बंद हो जाता है और लोगों के हाथों से रोजगार फिसलने लगते हैं। महंगाई की वजह से विविध उत्पादों की मांग में कमी आती है और मांग में कमी आने से कल-कारखानों को उत्पादन को कम करना पड़ता है, जिसके कारण कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ता है, और लंबी अवधि तक नकारात्मक स्थिति बनी रहने से कंपनियां बंद भी हो जाती हैं।

उच्च महंगाई दर के लिए घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय, दोनों कारण जिम्मेदार हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय कारण ज्यादा महवपूर्ण हैं। भू-राजनैतिक संकट का अभी भी समाधान निकलता नहीं दिख रहा। रूस और यूक्रेन अभी भी अपने-अपने ईगो पर अड़े हुए हैं। इस वजह से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ रही है। चूंकि रेपो दर में बढ़ोतरी से महंगाई कम होती है, इसलिए महंगाई को सहनशीलता सीमा के अंदर लाने के लिए रिजर्व बैंक को ताजा मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर में इजाफा करना पड़ा। हालांकि, रेपो दर में ज्यादा बढ़ोतरी से विकासात्मक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, और बैंकों के लिए मुश्किलें बढ़ती हैं। बावजूद इसके, रिजर्व बैंक और सरकार फिलवक्त मंहगाई को नियंत्रित करने की नीति पर चल रहे हैं क्योंकि लंबी अवधि में इससे विकास दर में तेज वृद्धि हो सकती है।

# कर्नाटक, महाराष्ट्र के विवाद में फंसी भाजपा



भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच चल रहे सीमा विवाद में फंस गई है। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मई में वहां मतदान है और उससे पहले सीमा विवाद शुरू हो गया है। इस वजह से भाजपा खुल कर स्टैंड नहीं ले पा रही है।

भाजपा के साथ साथ शिव सेना का एकनाथ शिंदे गुट भी फंस गया है। शिंदे भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बने हैं इस वजह से वे कर्नाटक या वहां की सरकार को निशाना नहीं बना सकते हैं। पिछले दिनों कर्नाटक के मराठी बहुल इलाके में एक कार्यक्रम होना था, जिसमें महाराष्ट्र के दो बड़े मंत्रियों को शामिल होना था लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने महाराष्ट्र सरकार को मना किया वह मंत्रियों को नहीं जाने दे तो दोनों मंत्री उस कार्यक्रम में नहीं गए।

इस बात का महाराष्ट्र में बड़ा विवाद बना है। शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने दोनों मंत्रियों पर निशाना साधते हुए पूरी सरकार को कायर बताया और कहा कि वे महाराष्ट्र के गौरव से समझौता कर रहे हैं। कर्नाटक में महाराष्ट्र नंबर वाली गाडियों पर हमले हुए तो पुणे में उद्धव ठाकरे के शिव सैनिकों ने कर्नाटक नंबर की गाडियों को रोक कर उन पर जय महाराष्ट्र लिख दिया। कर्नाटक में भाजपा की सरकार होने और छह महीने में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा और एकनाथ शिंदे की पार्टी कुछ नहीं कर पा रही है। वे चुपचाप बैठे हैं और इसका फायदा उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी उठा रही है। सीमा का यह विवाद महाराष्ट्र में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है।

# सच में आसान तो नहीं है उनको भूलाना...??

जगदीश सिंह सम्पादक

**जब तक दम है तभी तक हम है! वर्ना कदम कदम पर केवल गम है!हर शख्स के आखरी सफर में आंखें गम से नम है!जो चला गया साथ छोड़कर उसको भुलाना आसान नहीं है!कौन ऐसा है जो इस दर्द से परेशान नहीं हैं। दिन भर का समय तो लोगों के बीच गुजर जाता है! मगर रात की तन्हाई हौसला तोड़ देती है! कर्म का फल हर किसी को भोगना है!जिसने जो बोया है उसको वहीं काटना है? कोई भी अपने कर्म से फल से नहीं बच सका है।आया है सो जायेगा राजा रंक फकीर!सबका जीवन अलग अलग अलग अलग तकदीर!चार दिन का जीवन है! इन्सानियत के सुगम रास्ते पर चलकर लोगों के बीच श्रद्धा और सब्र का पुष्प बिखेरते आखरी सफर को सुहाना बना लो भाई कोई अपना नहीं न कुछ लेकर आए हो न लेकर जावोगे!गरीब लाचार के साथ दुर्व्यवहार मत करो कुछ साथ नहीं जायेगा।**

रफ्ता रफ्ता जिघ्न्द्गी का गुजरता लम्हा दर्द की सौगात को जब तन्हाई भरी रात में सौप देता है उस समय आंखों से झर झर बहता नीर तकदीर के फल सफा को गमगीन बना देता है ?यादों का कारवां चल पड़ता है! बचपन से लेकर पचपन तक का सफर कसक के साथ बार बार मनरू स्मृति में टक्कर मारने लगता है! पल पल की यादें चल चित्र सरीखे विचित्र हालत में दिल के दहलीज पर दिखने लगती है !क्या थे क्या हो गये ?अपने लोगों के बीच में ही खो गये !वो कागज की कस्ती वो मौसम सुहाना !मस्ती भरी जिन्द्गी का तराना! न जाने कहां किस जगह खो गए ?भरी भीड़ में भी तन्हा रह गये !?न कमाने की चिन्ता न खाने की चिन्ता! सभी की मुहब्बत रहमत का फैसला था !मगर समय की धारा में सब कुछ बदल गया!घर परिवार नात रिश्तेदार!जब तक आप वजनदार है तभी तक आप के साथ उनका किरदार है !चलती ट्रेन के मुसाफिर के तरह सभी अपने अपने मन्जिल पर उतरते चले गए !रह गया जिन्द्गी का? वो पल जो साथ साथ बिताए थे। कसक के साथ दर्द में गुजरता जीवन का हर लम्हा तन्हा होने का एहसास कराता है !लेकिन फर्ज के मर्ज से पीड़ीत गम से बोझिल अश्कों की वर्षात करती आंखों से गायब नींद के आगोश में निशा का हर क्षण विलक्षण सोच के सहारे नव प्रभात तक सब कुछ आत्मसात कर पुनरू अग्रसर कर जाता है!

हर रोज की यह नित्य प्रकिया हर सुबह की शुक्रिया करती आखरी मंजिल पर दस्तक देने लगती है। मतलब परस्त जहां में कहां शुकून नसीब है! वहीं सबसे अधिक दर्द देता जो सबसे करीब है ?कभी आज की शहंशाही थी! कल भी मुस्कराता था! वक्त आशक्त होता था! सामने वाला भक्त हो जाता था !करिश्मा लिए खुशहाली घर के दहलीज पर कुलांचे भरती थी! मौत भी करीब आने से डरती थीं ?आज वक्त हर पल का हिसाब कर रहा है !गुजरे हर लम्हे को कर्म के आईने में दिखा रहा है ?धीरे धीरे सबने साथ छोड़ दिया !जीवन की डगर हमसफर के बिना जहर हो गई !मां बाप का साया सपना हो गया!

अब तो तन्हाई से रिश्ता अपना हो गया !सब कुछ रहकर भी कुछ नहीं है !सबकुछ भरा पड़ा है मगर सुख नहीं है।?कायनाती ब्यवस्था में आस्था का सवाल बवाल बनकर कदम कदम पर जीने को मजबूर कर रहा है? वर्ना इस मतलबी संसार में लोगों के बदलते विचार को देखकर मन में वैराग्य का बोध होना स्वाभाविक है !मगर जो खुद ही खेवैया खुद ही नाविक है! उसके सामने समस्याओं की पतवार को छोडना मुश्किल हो जाता है ?हालांकि माया की इस महादशा में दुर्दशा के तरफ बढ़ता हर कदम बेरहम समाज में मजाक बन रहा है!

जब तक दम है तभी तक हम है! वर्ना कदम कदम पर केवल गम है !हर शख्स के आखरी सफर में आंखें गम से नम है !जो चला गया साथ छोड़कर उसको भुलाना आसान नहीं है !कौन ऐसा है जो इस दर्द से परेशान नहीं हैं। दिन भर का समय तो लोगों के बीच गुजर जाता है! मगर रात की तन्हाई हौसला तोड़ देती है! कर्म का फल हर किसी को भोगना है !जिसने जो बोया है उसको वहीं काटना है? कोई भी अपने कर्म से फल से नहीं बच सका है।आया है सो जायेगा राजा रंक फकीर!सबका जीवन अलग अलग अलग अलग तकदीर!चार दिन का जीवन है! इन्सानियत के सुगम रास्ते पर चलकर लोगों के बीच श्रद्धा और सब्र का पुष्प बिखेरते आखरी सफर को सुहाना बना लो भाई कोई अपना नहीं न कुछ लेकर आए हो न लेकर जावोगे !गरीब लाचार के साथ दुर्व्यवहार मत करो कुछ साथ नहीं जायेगा।

# मेजबानी के बहाने



**2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद इसकी विशेष भूमिका बनी, जब इसके वार्षिक शिखर सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हुआ। लेकिन अब ग्लोबलाइजेशन की प्रक्रिया उलटी दिशा में चल पड़ी है। यूक्रेन युद्ध तो साफ-साफ इस वैश्विक व्यवस्था को तोड़ दिया है। ऐसे में यह समूह अपनी प्रासंगिकता के लिए संघर्षरत है। बहरहाल, यह मोदी सरकार के लिए संभवतरू चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे 2024 के आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरैटिव खड़ा करने का मौका मिला है।**

जी-20 की खत्म होती प्रासंगिकता मोदी सरकार के लिए संभवतरू चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे अगले आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरैटिव खड़ा करने का मौका मिला है।

यह खबर सुन कर हैरत हुई कि जी-20 की मेजबानी से संबंधित मुद्दों की विपक्ष को जानकारी देने और उसकी राय जानने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसलिए कि इस सरकार का नजरिया अक्सर विपक्ष को हाशिये पर धकेलने, बल्कि यहां तक कि श्विपक्ष मुक्त भारत बनाने का रहा है। ऐसे में एक अंतरराष्ट्रीय समूह की मेजबानी जैसे सामान्य मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो साफ है कि सरकार इसके जरिए अपने घरेलू समर्थक वर्ग के बीच विशेष माहौल बनाना चाहती है। मकसद संभवतः यह है कि यह वर्ग अगले साल भर तक इससे जुड़ी चर्चाओं में खोया रहे और इसके जरिए पहले ही बनाई गई यह धारणा और पुष्ट हो कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन रहा है। वरना, हर साल होने वाली शिखर बैठक अलग-अलग देशों में होती है और इसकी मेजबानी आम तौर पर रोटेशन से तय होती है। मेजबान की इसमें कुछ खास भूमिका तो होती है, लेकिन वह निर्णायक महव की नहीं होती। इसलिए मेजबान बनने के नाते भारत इस समूह को कोई नई दिशा दे सकेगा या इसकी कमजोर पड़ रही प्रासंगिकता को बहाल कर पाएगा, इसकी कोई संभावना नहीं है।

इस ग्रुप की प्रासंगिकता इसलिए कमजोर पड़ रही है, क्योंकि इसमें शामिल कई प्रमुख देश आज एक दूसरे के विरोधी खेमों का हिस्सा बनते दिख रहे हैं। इस विभाजन का गहरा साया हाल में इंडोनेशिया में हुई शिखर बैठक के दौरान देखने को मिला। वहां यह साफ हो गया कि मौजूदा हालात में यह समूह निर्णायक तो दूर, कोई सामान्य भूमिका निभाने की स्थिति में भी नहीं है। जी-20 का गठन भूमंडलीत होती विश्व अर्थव्यवस्था में खड़े होने वाले मसलों के हल पर आम सहमति बनाने के लिए हुआ था।

2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद इसकी विशेष भूमिका बनी, जब इसके वार्षिक शिखर सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हुआ। लेकिन अब ग्लोबलाइजेशन की प्रक्रिया उलटी दिशा में चल पड़ी है। यूक्रेन युद्ध तो साफ-साफ इस वैश्विक व्यवस्था को तोड़ दिया है। ऐसे में यह समूह अपनी प्रासंगिकता के लिए संघर्षरत है। बहरहाल, यह मोदी सरकार के लिए संभवतरू चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे 2024 के आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरैटिव खड़ा करने का मौका मिला है।

## घर पर मस्कारा बनाने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, नहीं पड़ेगी खरीदने की जरूरत

मस्कारा आंखों के मेकअप के लिए काम आने वाले सौंदर्य उत्पादों में सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाता है। इससे पलकों को घना और लंबा दिखाने में बड़ी मदद मिलती है। वैसे तो आजकल बाजार में कई तरह के मस्कारे मौजूद हैं, लेकिन उनमें से अधिकतर पलकों और आंखों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बने होते हैं। ऐसे में आइए आज हम आपको घर पर विभिन्न तरह के मस्कारे बनाने के आसान तरीके बताते हैं। क्लियर मस्कारा नो मेकअप लुक के लिए एकदम सटीक उत्पाद है। यह मस्कारा लंबे समय तक चलता है और पलकों टूटने से भी रोकता है। इसे बनाने के लिए कंटेनर में एक बड़ी चम्मच बादाम तेल, नारियल तेल और एक तिहाई चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। अब इसमें एक तिहाई चम्मच पिघली हुई बीजवैक्स डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब आपका क्लियर मस्कारा इस्तेमाल के लिए तैयार है।

सबसे पहले धीमी आंच पर दो चम्मच नारियल तेल पिघलाएं और फिर इसमें चार चम्मच एलोवेरा जेल के साथ कद्दूकस की हुई बीजवैक्स भी मिलाएं। इसके बाद मिश्रण में थोड़ा एक्टिवेटेड चारकोल (ब्लैक मस्कारा के लिए) या कोको पाउडर (ब्राउन मस्कारा) मिलाकर इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

# नारियल पानी का अधिक सेवन स्वास्थ्य के लिए बन सकता है मुसीबत

**नारियल पानी में कैलोरी की मात्रा मौजूद होती है। ऐसे में अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है और इंसुलिन में भी बदलाव आ सकता है। इंसुलिन में बदलाव आने से मधुमेह का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में मधुमेह रोगियों को डक्टर की सलाह के बाद ही नारियल पानी पीना चाहिए और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोजाना एक नारियल का पानी पीना ही काफी होता है।**

**नारियल पानी में मौजूद उच्च पोटेशियम के कारण यह एक अद्भुत पेय है, लेकिन यही कारण अधिक मात्रा में सेवन करने पर नारियल पानी को घातक भी बना सकता है। दरअसल, नारियल पानी के अधिक सेवन से इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। बता दें कि शरीर हमारे द्वारा खाए जाने वाले खाने और पानी से इलेक्ट्रोलाइट्स बनाता है। ये इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में फैलकर शारीरिक कार्यों में ऊर्जा देते हैं।**

नारियल पानी के सेवन से मिलने वाले अनगिनत स्वास्थ्य लाभों के कारण इसे जादुई पेय या प्रति का पेय भी कहा जाता है। हालांकि, इसके कुछ नुकसान आपको इसके सेवन पर पुनर्विचार करने पर मजबूर कर सकते हैं। नारियल पानी के अधिक सेवन से ब्लड प्रेशर प्रभावित होने और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलित होने सहित कई तरह के नुकसान पहुंच सकते हैं। आइए जानते हैं कि नारियल पानी के अधिक सेवन से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं।

**मधुमेह होने का रहता है खतरा**

नारियल पानी में कैलोरी की मात्रा मौजूद होती है। ऐसे में अगर आप इसका अधिक सेवन करते हैं तो इससे ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है और इंसुलिन में भी बदलाव आ सकता है। इंसुलिन में बदलाव आने से मधुमेह का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में मधुमेह रोगियों को डक्टर की सलाह के बाद ही नारियल पानी पीना चाहिए और स्वस्थ व्यक्ति के लिए रोजाना एक नारियल का पानी पीना ही काफी होता है।

**इलेक्ट्रोलाइट हो सकते हैं असंतुलित**

नारियल पानी में मौजूद उच्च पोटेशियम के कारण यह एक अद्भुत पेय है, लेकिन यही कारण अधिक मात्रा में सेवन करने पर नारियल पानी को घातक भी बना सकता है। दरअसल, नारियल पानी के अधिक सेवन से इलेक्ट्रोलाइट्स के असंतुलित होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। बता दें कि शरीर हमारे द्वारा खाए जाने वाले खाने और पानी से इलेक्ट्रोलाइट्स बनाता है। ये इलेक्ट्रोलाइट्स शरीर में फैलकर शारीरिक कार्यों में ऊर्जा देते हैं।

**पेट से जुड़ी समस्याएं**

नारियल पानी का अधिक सेवन करने से आपको पेट से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे गैस, उल्टी समेत पेट में दर्द जैसी कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस वजह से यह जरूरी है कि आप नारियल पानी का सीमित मात्रा में सेवन करें। बेहतर होगा कि आप हर दिन अपने नारियल पानी के सेवन पर ध्यान दें, क्योंकि इससे आपको कोई नुकसान नहीं होगा।

**बढ़ सकता है वजन**

अधिक मात्रा में नारियल पानी पीने से वजन बढने की संभावना भी बढ़ सकती है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद हाई कैलोरी है। बढ़ता वजन एक गंभीर समस्या हैं, जिसके कारण शरीर कई बीमारियों का घर बना सकता है। वैसे कुछ अन्य शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की असल वजह जानने के लिए डक्टर से संपर्क करें।

# भारत में नए अमीर और उनकी दौलत

**अजय दीक्षित**

डलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के बावजूद इस साल शीर्ष-100 भारतीय अमीरों की कुल संपत्ति में 25 अरब डलर का इजाफा हुआ है। उनकी संपत्ति बढ़कर 800 अरब डलर पहुंच गई है । वहीं, देश के शीर्ष 10 अमीरों की दौलत 3852 अरब डलर है । फोर्बस इण्डिया की ओर से 2022 के लिए जारी 100 अमीर भारतीयों की सूची के मुताबिक, इस साल डलर के मुकाबले रुपया 10 फीसदी से ज्यादा कमजोर हुआ है । इसके बावजूद इनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है । शीर्ष-100 अमीरों की संपत्ति में देश के सबसे अमीर कारोबारी गौतम अदाणी और सूची में दूसरे स्थान पर काबिज मुकेश अंबानी की हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है ।

शापूर मिस्त्रीरू 142 अरब डलर की संपत्ति के साथ सूची में 13वें स्थान पर हैं । शापूरजी पलोनजी समूह की जिम्मेदारी अब इनके हाथ में हैं। रेखा झुनझुनवालाछरू 59 अरब डलर की संपत्ति । सूची में 30वें स्थान पर। पति राकेश झुनझुनवाला की मौत के बाद सूची में जगह मिली है।

फाल्गुनी नायररू निवेश बैंकर की नौकरी छोड़ नायका की शुरुआत की। 408 अरब डलर संपत्ति । सूची में 44वें स्थान पर ।

रवि मोदी मान्यवर ब्रांड वाली वेदांत फैशंस की शुरुआत की। 375 अरब डलर के साथ सूची में 50वें स्थान पर ।

नेहल वकीलरू 52 अरब डलर के साथ 36वें स्थान पर । भाई अभय और अमर वकील की मौत के बाद एशियन पेंट्स की बागडोर इनके हाथ में ।

सत्यनारायन नुवलरू सोलर इण्डस्ट्रीज इंडिया के मालिक 3 अरब डलर की संपत्ति के साथ सूची में 72वें स्थान पर हैं । पहले एक्सप्लोसिव बेचते थे ।

निर्मल भिंडा अटो पार्ट्स बनाने वाली यूएनओ मिंडा के सीएमडी हैं । 26 अरब डलर संपत्ति के साथ 78वें स्थान पर हैं । रफीक मलिकरू मल्टी-ब्रांड फुटवियर कंपनी मेट्रो ब्रांड्स के मालिक। 222 अरब डलर की संपत्ति के साथ 89वें स्थान पर हैं। वेणु श्रीनिवासनरू टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन एवं एमडी । 2 अरब डलर की संपत्ति के साथ सूची में 98वें स्थान पर हैं ।

## नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में जयपुर की अशीरा विश्वास का चयन

**जयपुर ,एजेंसी।** नोबेल शांति पुरस्कार चौलेंज-2022 प्रतियोगिता में जयपुर की सुश्री अशीरा विश्वास का चयन किया गया है। सुश्री विश्वास अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसडीआरएफ सुष्मित विश्वास की सुपुत्री है। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार का शनिवार को नार्वे की राजधानी ओस्लो में ऐलान किया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार चौलेंज-2022 प्रतियोगिता में विजेता घोषित होने पर सुश्री विश्वास को भी इस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

## मवेशी घोटाला - अनुब्रत मंडल की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ी

**कोलकाता ,एजेंसी।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के पशु तस्करी घोटाले में कथित संलिप्तता के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और पार्टी के बीरभूम जिला अध्यक्ष अनुब्रत मंडल की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी।

उन्हें 22 दिसंबर को फिर से उसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत में पेश किया जाएगा। शुक्रवार को मंडल के वकील ने आश्चर्यजनक रूप से मुवक्किल की ओर से कोई जमानत याचिका दायर नहीं की।

सीबीआई के जांच अधिकारी सुशांत भट्टाचार्य ने इस मामले में एजेंसी की केस डायरी कोर्ट को सौंपी। विशेष अदालत के न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती ने केस डायरी पढने के बाद इसके कंटेंट पर आश्चर्य व्यक्त किया और कहा कि एक न्यायाधीश के रूप में अपने 20 साल के करियर में उन्होंने कभी इस तरह की बात नहीं देखी। हालांकि, न तो न्यायाधीश और न ही एजेंसी के जांच अधिकारी ने इस बात का खुलासा किया कि केस डायरी में क्या लिखा है।

## कांग्रेस ने लोकसभा में नोटबंदी पर श्वेत पत्र की मांग की

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने नोटबंदी को केंद्र सरकार का विफल फैसला बताते हुए श्वेत पत्र की मांग की। चौधरी ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सरकार ने बिना सोचे समझे निर्णय लिया और निर्णय का आधार ही अतार्किक था। उन्होंने कहा कि करेंसी नोटों के प्रचलन में 72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, यह कहते हुए कि काला धन बंद नहीं हुआ है और इसका प्रचलन जारी है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने उन्हें यह कहकर बीच में रोक दिया कि कांग्रेस आतंकवाद और बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों का समर्थन कर रही है, इसलिए वह नोटबंदी का विरोध कर रही है।

## भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**गांधीनगर ,एजेंसी ।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उनके मंत्रिमंडल ने नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शुक्रवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत को अपना इस्तीफा सौंप दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायक नया नेता चुनने के लिए शनिवार (10 दिसंबर) को बैठक करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने राज्यपाल को लिखे पत्र में शनिवार को मिलने का समय मांगा है। पत्र में उन्होंने राज्यपाल को यह भी सूचित किया है कि शनिवार को विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल का नया नेता चुना जाएगा, जिसके बाद पार्टी राज्यपाल से सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का अनुरोध करेगी।

# आदेश गुप्ता ने एमसीडी में मेयर नहीं बनाने के दिए संकेत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निगम चुनाव का परिणाम आने के तत्काल बाद अपना मेयर बनाने की घोषणा करने वाली भाजपा ने 48 घंटे में यू-टर्न ले लिया। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अप्रत्यक्ष तौर पर मेयर बनाने का प्रयास नहीं करने के संकेत देते हुए एमसीडी में सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का जनादेश दिया है और वह यह कार्य बखूबी करेंगे।

प्रदेश कार्यालय में आदेश गुप्ता ने कहा कि हमने सदन से लेकर क्षेत्र में भी विपक्ष की भूमिका निभाने का निर्णय लिया है। भाजपा एमसीडी में भी दिल्ली की जनता से जुड़े सवालों व समस्याओं को मजबूती से उठाएगी और उसे पूरा कराने की भी पूरी कोशिश करेगी।

हमने पार्षदों को अपने क्षेत्र में विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सक्रिय रहने का आदेश दिया है। साथ ही, कहा है कि वे जनता के हितों के लिए कार्य करें, क्योंकि आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने टिकट खरीदे हैं। इस कारण वह लोगों से वसूली करेंगे। वहीं, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर बिधूड़ी ने मुख्यमंत्री केजरीवाल के प्रधानमंत्री का आशीर्वाद मांगने पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आशीर्वाद देने में भेदभाव नहीं करते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं कर मानसिकता का परिचय दिया था।

इसके अलावा उन्होंने सिंचाई पर सब्सिडी व किसानों को फसल का हर्जाना देने के बाद भी 2000 रुपये देने वाली मोदी सरकार की योजना को भी लागू नहीं किया। वे केंद्र सरकार की योजनाएं लागू कर दें तो स्वयं ही प्रधानमंत्री का आशीर्वाद मिल जाएगा। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता यासिर जिलानी और अजय सहरावत भी मौजूद रहे।

एक टीवी चौनल को दिए इंटरव्यू में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बड़ा दावा किया था।

मेयर के सवाल पर आदेश गुप्ता ने कहा था कि, श्राजनीति में कुछ भी हो सकता है। भाजपा का मेयर भी बन सकता है। जनता ने आम आदमी पार्टी को पूरा समर्थन नहीं दिया है। इसलिए इंतजार करिए। कुछ भी हो सकता है।

उन्होंने आगे कहा, जनता ने सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया के भ्रष्टाचार का जवाब दे दिया है। दोनों का सूपड़ा साफ हो गया। लोग देख रहे हैं कि दिल्ली के संकट में हमेशा से भाजपा उनके साथ रही। इसलिए मेयर चुनाव तक हमें इंतजार करना चाहिए। जब मेयर का चुनाव होगा, तब बहुत सारी बातें हो सकती हैं। भाजपा का मेयर भी बन सकता है।

उधर, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने ट्विट कर दिल्ली में भाजपा के मेयर होने का दावा किया था। उन्होंने लिखा, श्दिल्ली में फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनेगा।

# किन्नर समाज ने राहुल गांधी का यात्रा में किया स्वागत

**कोटा ,एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के साथ भीमगंजमंडी पहुंचने पर किन्नर समाज ने करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन कियाइस मौके पर श्री गांधी ने किन्नर समाज के लोगों का हाथ हिला कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयोजन में किन्नर प्रमुख तारा देवी राजपुरोहित के प्रतिनिधि दक्षिण किन्नर प्रमुख रीना दीदी समूह ने भीमगंजमंडी थाने के बाहर भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी का जोरदार अभिनंदन गया। संयोजिका अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार अलका दुलारी कर्मयोगी के नेतृत्व में कलाकारों के साथ किन्नरों द्वारा राष्ट्रीय गीतों पर जमकर नृत्य किया गया।इस अवसर पर स्वागत राज्य के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल मौजूद थे। किन्नरों ने श्री धारीवाल का भी जोरदार स्वागत किया गया।संस्थान के अध्यक्ष राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि राजस्थान सरकार ने किन्नरों के उत्थान के लिये 10 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है। कोटा के जिला कलक्टर ने गत 20 नवंबर को ट्रांसजेंडर दिवस मनाते हुए सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के उपनिदेश-ाक ओम प्रकाश तोषनीवाल के निर्देशन में जिला कलक्ट्री में किन्नरों को आमंत्रित कर सम्मानित करते हुए उनके साथ भोजन किया था।

# वित्त वर्ष 2022 में लगभग दस लाख अप्रवासी बने अमेरिकी नागरिक

**न्यूयार्क ,एजेंसी।** लगभग 10 लाख अप्रवासियों ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान अमेरिकी नागरिकता प्राप्त की है। यह संख्या लगभग 15 वर्षों में प्रातिक नागरिकों की सबसे अधिक है। यह जानकारी यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) की रिपोर्ट से सामने आई है। यूएससीआईएस ने 1,075,700 प्रातिककरण आवेदनों का प्रसंस्करण पूरा किया और 30 सितंबर को समाप्त वर्ष के दौरान 967,400 नए अमेरिकी नागरिकों को निष्ठा की शपथ दिलाई।बच्चों पर विचार करने पर यह संख्या बढ़कर 1,023,200 अप्रवासियों तक पहुंच गई। यूएससीआईएस के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022 में अमेरिकी नागरिक बनने वाले प्रवासियों के जन्म के शीर्ष पांच देश मेक्सिको, भारत, फिलीपींस, क्यूबा और डोमिनिकन गणराज्य थे। अप्रवासी जो या तो 3-5 वर्षों के लिए ग्रीन कार्ड धारक (स्थायी निवासी) रहे हैं या विभिन्न सैन्य सेवा आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, वे अमेरिकी नागरिकता के

प्रसंस्करण समय, जब आप अपना नागरिकता आवेदन दाखिल करते हैं, जब आप निष्ठा समारोह की शपथ में शामिल होते हैं, 185-24 महीनों के बीच होता है। प्रातिकीकरण आवेदनों के लिए वर्तमान सरकारी फाइलिंग शुल्क 725 डलर है, जिसमें प्रसंस्करण के लिए 640 डलर और बायोमेट्रिक्स सेवाओं के लिए 85 डलर शामिल हैं। सैन्य आवेदकों को दोनों शुल्कों से टूट दी गई है।अमेरिकी नागरिकता वाले अप्रवासियों को संघीय चुनावों में मतदान करने की अनुमति है, अमेरिकी चुनावों में उम्मीदवारी के लिए पात्र हैं।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वरउकर ने 30 जून तक 8.7 मिलियन से अधिक आव्रजन मामलों का निरीक्षण किया ग्रीन कार्ड आवेदनों से शरण अनुरोधों और वर्क परमिट याचिकाओं तक। यूएस सीआईएस के निदेशक उर एम. जड्डू ने कहा, हमें सौंपा गया हर आव्रजन मामला एक व्यक्ति या एक परिवार का प्रतिनिधित्व करता है, जो अमेरिका में बेहतर जीवन बनाना चाहता है।आने वाले महीनों में यूएससीआईएस अप्रवासी श्रमिकों के लिए सभी याचिकाओं के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग और छात्रों और विनिमय आगंतुकों के लिए कुछ रोजगार प्राधिकरण अनुप्रयोगों को लागू करके इस प्रगति को आगे बढ़ाने की योजना बना रहा है। यह गैर-आप्रवासी स्थिति में परिवर्तन और गैर-आप्रवासी रहने के विस्तार के लिए सभी आवेदकों के लिए एक स्थायी बायोमेट्रिक्स टूट स्थापित करने की उम्मीद करता है। यूएससीआईएस ने कहा कि, रोजगार प्राधिकरण, स्थिति के समायोजन और प्रातिककरण के लिए आवेदन सहित कई सामान्य रूपों को सरल बनाया जाएगा।

## खतरनाक हुआ चक्रवात मैंडूस, अगले 3 दिन रहेंगे भारी-रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चक्रवाती तूफान मैंडूस अब खतरनाक रूप लेता नजर आ रहा है और कई राज्यों पर इसका असर दिखाई देने लगा है। इसी के मद्देनजर तमिलनाडु के तीन जिलों में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। अलर्ट पर रहने वाले जिलों में चेंगलपट्ट, विल्लुपुरम और कांचीपुरम शामिल हैं। इसके अलावा पूर्वोत्तर मानसून के सभी पांच उपमंडलों में आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना है।मौसम का पूर्वानुमान लगाने वाली एजेंसी, स्काईमेट के मुताबिक, ये बंगाल की खाड़ी में बन रहे सिस्टम के कारण है, जो तेजी से तीव्र होता गया है और एक चक्रवाती तूफान, मैंडूस बन गया है। बारिश तमिलनाडु के सभी पांच उप मंडलों और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों को प्रभावित करेगी जिसमें पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, केरल और रायलसीमा शामिल हैं।

# जज नियुक्ति के लिए होने वाली कलेजियम बैठक की जानकारी सार्वजनिक नहीं करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आरटीआई के तहत एक कलेजियम बैठक के विवरण का खुलासा करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिका में सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत 12 दिसंबर, 2018 को हुई सुप्रीम कोर्ट कलेजियम की बैठक का विवरण मांगा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कलेजियम की बैठक में कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया। मीडिया में आई खबरों या कलेजियम के सदस्य रहे पूर्व जज के इंटरव्यू के आधार पर आरटीआई के तहत खुलासा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक फाइनल सिफारिश को सार्वजनिक किया जाता है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कलेजियम की बैठक के एजेंडे, ब्योरे और प्रस्ताव की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा गया।

आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें आरटीआई कानून के तहत 12 दिसंबर, 2018 को सुप्रीम कोर्ट कलेजियम की बैठक के एजेंडे, ब्योरे और प्रस्ताव की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया गया था। दो दिसंबर को जजों की नियुक्ति को लेकर कलेजियम के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा था कि जो सिस्टम काम कर रहा है, उसे पटरी से न उतरने दें। कलेजियम को अपना काम करने दें। हम सबसे पारदर्शी संस्थान हैं। कलेजियम के पूर्व सदस्यों का अब फैसलों पर टिप्पणी करना फैशन हो गया है। जस्टिस एम आर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने ये टिप्पणी करते हुए आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

दरअसल पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की आत्मकथा श्जस्टिस फर द जज के अनुसार, राजस्थान हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस प्रदीप नंदराजोग और दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजेंद्र मेनन के नाम, 12 दिसंबर, 2018 को कलेजियम की बैठक में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए मंजूरी मिली थी।

किताब में कहा गया है कि यह मामला कथित रूप से लीक हो गया था, जिसके बाद 15 दिसंबर, 2018 को शुरू हुए शीतकालीन अवकाश के कारण इस मुद्दे को सीजेआई गोगोई ने जनवरी 2019 तक के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जनवरी 2019 में जस्टिस मदन बी लोकुर की सेवानिवृत्ति के बाद एक नए कलेजियम का गठन किया गया।

# युवती का निजी वीडियो बनाने, ब्लैकमेल करने के आरोप में बेंगलुरु का युवक गिरफ्तार

**बेंगलुरू ,एजेंसी।** बेंगलुरु के एक युवक को एक लड़की का निजी वीडियो बनाने और उसके साथ अंतरंग नहीं होने पर उसे फुटेज वायरल करने के लिए ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बोम्मनहल्ली इलाके के रहने वाले निरंजन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बाथरूम में कैमरा लगाकर वीडियो बना ली थी। बाद में उसने एक अज्ञात नंबर से वीडियो लड़की को भेज दिया और धमकी दी कि अगर उसने उसके साथ संबंध नहीं बनाए तो वह इसे अश्लील वेबसाइटों पर अपलोड कर देगा।

लड़की ने साउथवेस्ट सीईएन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी पिछले चार साल से बोम्मनहल्ली में एक पीजी सुविधा में रह रहा था। पुलिस ने कहा कि वह सुविधा के मालिक के दोस्त थे, जो बगल के पीजी का भी मालिक था, जहां लड़की रह रही थी।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ड्रग एडिक्ट भी है और उसने एक ऐप इंस्टल किया था जिससे लगता है कि वह किसी विदेशी नंबर से कल कर रहा है।

# गोली मारी फिर कुल्हाड़ी से शव के किए 16 टुकड़े, रिश्तेदारों ने बोरे में भर हिस्ट्रीशीटर का फेंका का शव




**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बांदा में उस समय हड़कंप मच गया जब एक हिस्ट्रीशीटर की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह वारदात उसकी पत्नी के रिश्तेदारों ने ही अंजाम दिया है। आरोपियों ने हत्या के बाद हिस्ट्रीशीटर के शव को जंगल में ले जाकर 16 टुकड़े किए और फिर बोरे में भरकर दें क दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह वारदात केपलानी थाना क्षेत्र के चंदवारा गांव का है।

पुलिस के मुताबिक हिस्ट्रीशीटर बदमाश लोहा सिंह ने प्रेम विवाह किया था। हालांकि इस शादी के बाद अक्सर उसके पत्नी के साथ झगड़े होने लगे। इन झगड़ों का उसकी पत्नी के मौसेरे भाइयों ने विरोध भी किया। बावजूद इसके लोहा सिंह नहीं माना। ऐसे में मौसेरे भाइयों ने पहले तो उसे गोली मार दी और गंभीर हालत में घसीटते हुए जंगल में ले गए, जहां कुल्हाड़ी से उसके 16 टुकड़े कर दिए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इतने समय में आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। फिलहाल पुलिस ने लोहा सिंह का शव और वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

एसपी बांदा अभिनंदन सिंह ने बताया कि पुलिस को हिस्ट्रीशीटर बदमाश लोहा सिंह का शव सड़क के किनारे मिला है। उन्होंने बताया कि लोहा सिंह की पत्नी के साथ आए दिन लड़ाई झगड़े और मारपीट होती रहती थी। गुरुवार को उसकी पत्नी के परिजनों से भी विवाद हुआ जिसके बाद पत्नी के रिश्तेदारों ने उसकी हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पांच टीमों का गठन किया है। यह सभी टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभावित स्थानों पर दबिश तेज कर दी है।

इस घटना को लेकर गांव में माहौल खराब होने की आशंका को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। एसपी अभिनंदन सिंह के मुताबिक फिलहाल चंदवारा गांव और पलानी क्षेत्र में कानून व्यवस्था की कोई समस्या नही है। इलाके में शांति कायम है। उन्होंने बताया कि एहतियातन गांव में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार देश में खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ खिलाडियों को तमाम तरह की सुविधाएँ मुहैया करने और खेल इंफ्रास्ट्राक्चर को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में नियम 193 के तहत भारत में खेलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता और सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर हुई लंबी चर्चा का जवाब देते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद खेल एवं खिलाडियों को निरंतर संरक्षण एवं प्रोत्साहन दिया गया है। खेलों के लिए धन का आवंटन बढ़ा है। खेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत स्तर पर खिलाडियों की चिंता की। जिसका परिणाम विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में हमारे देश के प्रभावशाली प्रदर्शन से प्रदर्शित होता है।

उन्होंने कहा कि देश के प्रतिभावान खिलाडियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था की जा रही है।

यहां तक कि खिलाडियों को सालाना पकेट मनी भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल 23 सौ खिलाडियों को छह लाख रुपये दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया के तहत देश में 1000 केंद्र बनाए जा रहे हैं। अगले साल अगस्त तक सभी खेलो इंडिया केंद्र बनकर तैयार हो जाएँगे। ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने खेलों में बुनियादी ढांचा विकसित करने के अलावा खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की है । इससे साबित होता है कि केंद्र सरकार की मंशा देश में खेलों को बढ़ावा देने की है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष 21 खेल विधाओं में 398 कोच नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार से पहले सोलह साल में खिलाडियों को सहायता के रूप में 86 करोड़ रुपये खर्च किया गए जबकि पिछले आठ साल में तीन सौ करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने कहा कहा कि पैरा ओलंपिक खेल के साथ सरकार ने किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया है इसलिए इस तरह का आरोप लगाना सही नहीं है।

## रूस और अमेरिका ने की कैदियों की अदला-बदली

**मॉस्को ,एजेंसी।** अबू धाबी हवाई अड्डे पर अमेरिकी बास्केटबल खिलाड़ी ब्रिटनी ग्राइनर के लिए रूसी नागरिक विक्टर बाउट का आदान-प्रदान किया गया। यह घोषणा रुसी विदेश मंत्रालय ने की है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, वाशिंगटन ने विनिमय योजना में बाउट को शामिल करने पर बातचीत से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। फिर भी, रूस ने हमारे हमवतन को बचाने के लिए सक्रिय रूप से काम करना जारी रखा। अमेरिकी पक्ष ने भी कैदियों की अदला-बदली पूरी होने की पुष्टि की है।ग्राइनर को फरवरी 2022 में हिरासत में लिया गया था जब वह न्यूयर्क से मास्को हवाई अड्डे पर पहुंची थी, उसके सामान में भांग के तेल से भरे कारतूस पाए जाने के बाद अगस्त में उसे नशीली दवाओं की तस्करी के लिए नौ साल की जेल और दस लाख रूबल का जुर्माना लगाया गया था।

# घर से रवाना होने वाली थी बारात, तभी लगातार फटे सिलेंडर- 5 लोगों की दर्दनाक मौत

**जोधपुर ,एजेंसी।** जोधपुर जिले में शादी समारोह में पांच गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दूल्हे और उसके माता-पिता सहित कई लोग झुलस गए। वहीं, 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 3 बच्चे और 2 महिलाएं शामिल हैं। तकरीबन 42 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। वहीं, सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत जोधपुर अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, 35 से ज्यादा लोग 60 फीसदी और 11 लोग 80 से 90 फीसदी झुलस गए।

दरअसल, शादी समारोह के दौरान अचानक गैस का सिलेंडर फट गया, जिसके बाद में घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई है। टेंट में मौजूद लोग आग की लपटों में घिर गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।ये घटना जिले के शेरगढ़ में भूंगरा गांव की है। वहीं,घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस ने आसपास के टैंकरों से आग को बुझाने की कोशिश की गई। साथ ही घटनास्थल पर फायर बिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंची है। जिलाधिकारी हिमांशु गुप्ता के अनुसार इस हादसे में पांच लोगों की झुलसने से मौत हो गई, तीन बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं । बताया जा रहा है कि कुछ लोग गंभीर रूप से भी झुलसे हैं। सिलेंडर फटने से घर की छतें भी गिर गई। फिलहाल गंभीर घायलों का इलाज जारी है। साथ ही पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, शेरगढ़ के भूंगरा गांव के रहने वाले सगत सिंह गोगादेव के बेटे की गुरुवार यानि कि आज शादी का कार्यक्रम था। जहां दोपहर को बारात रवाना होनी थी, उससे पहले सभी शादी के पंडाल में एकत्र थे। इस दौरान हलवाइयों के पास लगे सिलेंडर में अचानक विस्फोट हुआ। कुल पांच सिलेंडर फटने की जानकारी आई है। इससे मौके पर भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग जो भोजन कर रहे थे वे पांडाल में आग लगने से झूलस गए।

इनमें सगतसिंह और उसका दूल्हा बेटा भी शामिल है। बताया जा रहा है कि कुछ लोग गंभीर रूप से भी झुलसे हैं। सिलेंडर फटने से घर की छतें भी गिर गई। फिलहाल गंभीर घायलों का इलाज जारी है। वहीं, पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।इस घटना का संज्ञान लेते हुए सूबे के मुख्यमंत्री अश-ोक गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि जोधपुर में विवाह कार्यक्रम में आग लगने की घटना को लेकर जिला कलेक्टर से बातचीत कर निर्देश दिए हैं।

# कानिटकर के साथ काम करने को लेकर उत्हासित हैं हरमनप्रीत

मुंबई , भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नवनियुक्त बल्लेबाजी कोच ऋषिकेश कानिटकर की तारीफ करते हुए कहा कि टीम को उनके साथ तालमेल बैठाने में कोई समस्या नहीं होगी।

कानिटकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 शृंखला के दौरान टीम की देखरेख करेंगे।

गौरतलब है कि बीसीसीआई ने 'पुनर्गठन मॉड्यूल' पर काम करते हुए पूर्व कोच रमेश पवार को बतौर स्पिन–गेंदबाजी कोच राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया है। इसी के साथ महिला टीम के कोच के रूप में पवार का दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया।

हरमनप्रीत ने पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैंने हमेशा रमेश सर के साथ काम करने का आनंद लिया है। हम उनके अधीन एक टीम के रूप में विकसित हुए हैं और बहुत कुछ सीखा है। उन्हें बतौर स्पिन–गेंदबाजी कोच एनसीए में स्थानांतरित करना बीसीसीआई का फैसला है। ऋषि सर हमारे साथ हैं। हम श्रीलंका में उनके साथ बहुत अच्छा अनुभव रहा। वह काफी अनुभव लेकर आये हैं और हम केवल आगे की ओर देख रहे हैं। हमारी टीम सही हाथों में हैं।

हरमनप्रीत ने कहा, कानिटकर शांत हैं और हमें किसी ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता थी जो हमें मैदान पर शांति प्रदान कर सके। हमने अतीत में देखा है कि कभी–कभी महत्वपूर्ण स्थिति में, लड़कियों को किसी शांत व्यक्ति के समर्थन की आवश्यकता होती है जो उनके विचारों के माध्यम से उनका मार्गदर्शन कर सके। श्रीलंका में इसका अनुभव करने के बाद जब हमें पता चला कि वह




ऑस्ट्रेलिया शृंखला के लिये टीम के साथ होंगे तो हमें काफी अच्छा महसूस हुआ।

हाल ही में भारतीय पुरुष टीम के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गये कानिटकर ने श्रीलंका में बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में महिला टीम के साथ काम किया था। भारत ने उस दौरे पर टी20 शृंखला 2–1 से जीती, जबकि एकदिवसीय सीरीज में 3–0 से क्लीन स्वीप किया। तीसरे वनडे में 124 रन पर छह विकेट गंवाने के बावजूद भारत हरमनप्रीत और पूजा वस्त्राकर की 97 रन की साझेदारी के दम पर 255 रन बनाने में कामयाब रहा।

हरमनप्रीत ने कहा, उन्होंने हमें बल्लेबाजी इकाई के रूप में अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद की। श्रीलंका में कुछ मैच ऐसे थे जहां हमने शुरुआती विकेट खो दिये थे, लेकिन फिर भी हम 250 रन बनाने में सक्षम थे। जिस तरह से वह हमारे सामने चीजें पेश कर रहे थे, उससे हर कोई खुश था।

बीसीसीआई ने फिलहाल यह पुष्टि नहीं की है कि महिला टीम में पवार की जगह कौन लेगा, लेकिन हरमनप्रीत का मानना है कि टीम कानिटकर की निगरानी में दो महीने बाद होने वाले महिला विश्व कप के लिये अच्छी तैयारी कर रही है।

हरमनप्रीत ने कहा, नये कोच के साथ काम करना मुश्किल होता, लेकिन हम पहले ही ऋषि सर के साथ काम कर चुके हैं इसलिए मुझे नहीं लगता कि कोई समस्या होगी। एक नये कोच के साथ आपको यह बताना होगा कि हम कैसे काम कर रहे हैं और हम कैसे आगे बढऩा चाहते हैं। ऋषि सर पहले से ही इसके बारे में जानते हैं और यह ज्यादा बदलने वाला नहीं है। हम पिछले तीन महीनों में जिस तरह से खेलते आये हैं, उसी तरह से खेलना जारी रखना चाहते हैं और मुझे नहीं लगता कि हम जिस तरह से खेलते हैं उसमें हम ज्यादा बदलाव करेंगे।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया टी20 शृंखला के लिये अनुभवी ऑलराउंडर स्नेह राणा के साथ–साथ फिनिशर की भूमिका निभाने वाली दयालन हेमलता और किरण नवगिरे को टीम से बाहर रखा है। दूसरी ओर, सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाली वामहस्त तेज गेंदबाज अंजलि सरवानी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत ने कहा कि राणा के लिये टीम के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं, लेकिन घरेलू कलाकारों को उनके प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया गया

है।

उन्होंने कहा, अगर आप अंजलि की बात करें तो उन्होंने सबसे ज्यादा विकेट लिये और अन्य खिलाडिय़ों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। चयन आपके प्रदर्शन पर निर्भर करता है और जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है वे टीम में हैं। स्नेह राणा और सभी अच्छे खिलाड़ी हैं। आने वाले टूर्नामेंट में जब भी वे अच्छा करेंगे तो टीम में वापस आयेंगे। हम उन पर नजर रख रहे हैं। ऐसा नहीं है कि अगर आज वो टीम में नहीं हैं तो हम उन्हें नजऱअंदाज़ कर रहे हैं। वे व्यवस्था का हिस्सा हैं और जब वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो वापसी करेंगे।

हरमनप्रीत ने यह भी पुष्टि की कि अगले महीने होने वाले अंडर–19 महिला टी20 विश्व कप में भारत का प्रतनिधित्व करने के लिये चुनी गयीं शेफाली वर्मा और ऋचा घोष ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलेंगी। दोनों खिलाड़ी अगले महीने दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज के विरुद्ध होने वाली त्रिकोणीय टी20 शृंखला में भी नहीं खेलेंगी।

उन्होंने कहा, अंडर–19 कैंप से पहले अगर उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है तो यह उनके आत्मविश्वास में मदद करेगा। शिविर की घोषणा होने तक वे खेलेंगे और फिर वे अंडर–19 शिविर में शामिल होंगे क्योंकि शेफाली टीम की कप्तान है। जब हम दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय शृंखला खेलेंगे, तो वे निश्चित रूप से उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि वे अंडर–19 विश्व कप खेल रहे होंगे।

## बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी नौ फरवरी से




मुंबई , भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला नागपुर में नौ नवंबर से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

बीसीसीआई ने भारत के घरेलू सत्र 2023 की घोषणा करते हुए बताया कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच नागपुर (9–13 फरवरी) के अलावा दिल्ली (17–21 फरवरी), धर्मशाला (1–5 मार्च) और अहमदाबाद (9–13 मार्च) में खेले जायेंगे।

गौरतलब है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2020–21 में मेज़बान टीम को 2–1 से हराया था। फरवरी में शुरू होने वाली शृंखला भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों के लिये भी महत्वपूर्ण होगी।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया तीन एकदिवसीय मैचों के साथ अपना भारत दौरा समाप्त करेगा। यह वनडे मुकाबले क्रमशः मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में आयोजित होंगे।

इससे पहले भारत साल की शुरुआत में सीमित ओवर शृंखलाओं के लिये श्रीलंका और न्यूजीलैंड की मेजबानी भी करेगा। श्रीलंका के भारत दौरे की शुरुआत तीन टी20 मैचों से होगी, जिसके बाद दोनों टीमें तीन एकदिवसीय मैचों में एक दूसरे का सामना करेंगी।

### एनएचपीसी ने 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट की मेजबानी की

फरीदाबाद ,एनएचपीसी हरियाणा राज्य खेल परिसर, फरीदाबाद में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट 8 से 9 दिसंबर 2022 तक की मेजबानी कर रहा है। आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने एनएचपीसी और प्रतिभागी संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने अपने संबोधन में कहा कि 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट स्वस्थ प्रतिस्पर्धी और टीम–भावना की भावना से विद्युत क्षेत्र के विभिन्न संगठनों को एक साथ लाने का एक आदर्श मंच है। इस टूर्नामेंट में सात विभिन्न पावर सीपीएसयू/संगठनों यथा विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, डीवीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी की टीमें भाग ले रही हैं। इन दो दिनों के दौरान विभिन्न ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं में रोमांचक खेल देखने को मिलेगा।

## हॉकी विश्व कप से पहले भुवनेश्वर, राउरकेला में बिछीं नयी पिचें

भुवनेश्वर ,एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 से पहले यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में चार नयी पिचें बिछायी गयी हैं।



हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि कलिंगा स्टेडियम में मुख्य पिच के साथ–साथ अभ्यास पिच को फिर से बिछाया गया है, जबकि राउरकेला में अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित बिल्कुल नयी पिचें बिछी हैं।

पुरुष विश्व कप 2023 इस अत्यधिक प्रतिष्ठित आयोजन का 15वां संस्करण होगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले राउरकेला में नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे।

अगले साल 13 से 29 जनवरी तक होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भारत सहित दुनिया भर की शीर्ष 16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के लिये 16 टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। भारत पूल–डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की ने कहा, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि एफआईएच द्वारा प्रमाणित सभी नयी पिचें उपयोग के लिये तैयार हैं। कलिंगा हॉकी स्टेडियम और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम दोनों भाग लेने वाली टीमों और दर्शकों के लिये विश्व स्तरीय सुविधायें प्रदान करेंगे। हम इसके लिये ओडिशा राज्य सरकार के आभारी हैं, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि विश्व कप का यह संस्करण हर किसी के लिये यादगार हो। गौरतलब है कि भारत इससे पहले 2010 और 2018 में भी पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर चुका है।

# फिल्मी गपशप

## बड़े मियां छोटे मियां में साउथ के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की एंट्री, बनेंगे विलेन



जब से फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की घोषणा हुई है, आए दिन इससे जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के नाम पर पहले ही मुहर लग गई थी और अब इसमें साउथ के सुपरस्टार पृथ्वीराज सकुमारन की एंट्री हो गई है। टाइगर और अक्षय ने भी फिल्म में उनका स्वागत किया है। वह विलेन की भूमिका निभाने वाले हैं।

अक्षय ने फिल्म से पृथ्वीराज का लुक साझा करते हुए लिखा, बड़े मियां छोटे मियां का परिवार और बड़ा हो गया है। इस क्रेजी एक्शन रोलर कोस्टर राइड में आपका स्वागत है दोस्त। चलो धमाल मचाते हैं। दूसरी तरफ टाइगर ने पृथ्वीराज का यही पोस्टर शेयर कर लिखा, पृथ्वीराज आपका बहुत–बहुत स्वागत है। आपके साथ इस सफर पर चलने का बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि पृथ्वीराज फिल्म में कबीर नाम के एक विलेन का किरदार निभाने वाले हैं।

फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी ने कहा, पृथ्वीराज सुकुमारन का बड़े मियां छोटे मियां के कलाकारों के रूप में होना कमाल की बात है। एक विलेन के रूप में उनका होना फिल्म में और ज्यादा रोमांच जोड़ता है। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। उन्होंने इस पर कहा, मैं वास्तव में बेहद प्रतिभाशाली पृथ्वीराज के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। इस एक्शन एंटरटेनर में इस तरह के पावरहाउस परफॉर्मर का होना एक शानदार अनुभव होगा।

बड़े मियां छोटे मियां एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। जिसमें पहली बार टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू होगी। इसे 100 दिनों में दुनियाभर की अलग–अलग लोकेशन में शूट किया जाएगा। यह अगले साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी। निर्माताओं का दावा है कि यह बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी।

साउथ फिल्मों में पृथ्वीराज सुकुमारन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। वह एक लोकप्रिय अभिनेता, निर्माता, निर्देशक और प्लेबैक सिंगर हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मलयालम फिल्म नंदनम से की थी। मलयालम सिनेमा में अपना नाम कमाने के बाद उन्होंने कई तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम किया। पृथ्वीराज अब तक लगभग 100 फिल्मों में काम कर राष्ट्रीय पुरस्कार से लेकर फिल्मफेयर पुरस्कार, केरल स्टेट फिल्म पुरस्कार और तमिलनाडु स्टेट फिल्म पुरस्कार तक अपने नाम कर चुके हैं।पृथ्वीराज की बेहतरीन फिल्मों में से एक मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक बन रहा है। संयोग की बात है कि हिंदी रीमेक में अक्षय लीड रोल में हैं। फिल्म का नाम है सेल्फी, जिसमें अक्षय, पृथ्वीराज का किरदार पर्दे पर उतारने वाले हैं।




## रणवीर सिंह को लगता है कॉमेडी मुश्किल जॉनर, रोहित शेट्टी को बताया कॉमेडी का बादशाह



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह, जो अपनी आगामी फिल्म सर्कस के साथ बॉक्स–ऑफिस पर अपने प्रदर्शन को पटरी पर लाने की उम्मीद कर रहे हैं, का मानना है कि अभिनेताओं और निर्देशकों दोनों के लिए कॉमेडी सबसे कठिन शैली है। मुंबई में करंट लगा रे के सॉन्ग लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपने डायरेक्टर रोहित शेट्टी को कॉमेडी का बादशाह कहकर बधाई दी। हालांकि, इस बयान पर बहस की जा सकती है क्योंकि भारतीय सिनेमा में प्रियदर्शन और अनीस बज्मी जैसे निर्देशक भी हैं। रणवीर ने अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण की भी प्रशंसा की और उल्लेख किया कि 2013 में शाहरुख खान–अभिनीत फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस से मीनम्मा का उनका चरित्र उनका अब तक का सबसे पसंदीदा चरित्र है। अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है कि सभी शैलियों में से कॉमेडी बहुत मुश्किल है। यह किसी भी अभिनेता या कहानीकार के लिए लिटमस टेस्ट है क्योंकि अगर आप पंचलाइन के लिए बीट मिस करते हैं तो यह कुछ ही समय में ढह सकता है। अपने निर्देशक की प्रशंसा करते हुए, अभिनेता ने कहा, जब मैं रोहित शेट्टी के साथ काम करता हूं तो मेरा हास्य पक्ष सबसे अच्छा सामने आता है क्योंकि वह कॉमेडी के बादशाह हैं और लगभग 16 साल से ऐसा कर रहे हैं।

## धीरे–धीरे समाज मिल्ली जैसी महिला केंद्रित फिल्मों को स्वीकार कर रहे हैं:ज्योति सक्सेना




ज्योति सक्सेना उन अभिनेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपनी लगन और प्रतिबद्धता से मनोरंजन के क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है। वह टिनसेल टाउन की उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जो अक्सर उन मुद्दों पर बोलने के लिए आगे आती हैं जो समाज की बेहतरी को उजागर करते हैं। आज के दिन और वक्त में महिलाओं को एक दूसरे को साथ लेकर सफलता की सीडी चढ़ते देख प्रेरणा मिलती है। बॉलीवुड इंडस्ट्री, जिसके दर्शक दुनिया भर में हैं, आमतौर पर हमारे समाज को प्रतिबिंबित करने के लिए मेल सेंट्रिक फिल्मों का विकल्प चुनते हैं। लेकिन अब समय बदल गया है, फिल्म निर्माता अपने दर्शकों के लिए अधिक महिला केंद्रित फिल्में बना रहे हैं। ज्योति सक्सेना, जो पिछले कुछ समय से उद्योग में हैं, कहती हैं, एक अभिनेता होने के नाते, हमें ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने और दर्शकों तक पहुंचने और बात फैलाने का जरिया बन जाते है।

मुझे लगता है कि धीरे–धीरे एक समाज के रूप में हम अधिक महिला केंद्रित फिल्मों को स्वीकार कर रहे हैं जो हमारे दैनिक जीवन की वास्तविकता और गंभीरता को दर्शाती हैं। मैंने हाल ही में मिल्ली देखी जहां जाह्नवी कपूर ने पूरी कहानी को इतनी खूबसूरती से कैरी किआ। पूरी फिल्म के दौरान, मैं उनके ठोस प्रदर्शन से प्रभावित रही। इतनी नई फिल्म देखना वाकई में एक ताजगी भरा अनुभव था। मैं दर्शकों से कहूंगी कि कृपया जाएं और ऐसी फिल्मों का समर्थन करें क्योंकि हम तबी और ऐसी फिल्में बना पाएंगे जब दर्शकों का समर्थन मिलेगा। दरअसल, हमारी प्रतिभाशाली अभिनेत्री ज्योति सक्सेना ने सभी युवा लड़कियों को यह सिखाकर एक सच्ची प्रेरणा और वीमेन एम्पावरमेंट का मतलब समझाया है।

## आयुष्मान खुराना की डॉक्टर जी 11 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी

अभिनेता आयुष्मान खुराना की सोशल कॉमेडी फिल्म डॉक्टर जी सिनेमाघरों में कोई कमाल नहीं दिखा पाई। इसे 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। अनुभूति कश्यप ने इसका निर्देशन किया है। कई समीक्षकों को आयुष्मान का अभिनय पसंद आया, लेकिन बॉक्स ऑफिस के पैमाने पर फिल्म औंधे मुंह गिर पड़ी। अब मेकर्स ने इसकी ओटीटी रिलीज की घोषणा कर दी है। यह फिल्म 11 दिसंबर को दिग्गज स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी।

नेटफ्लिक्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की डिजिटल रिलीज को लेकर जानकारी दी है। नेटफ्लिक्स ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, डॉक्टरों को भी ऐसी समस्या है जिसका इलाज उनके पास नहीं है! डॉक्टर जी 11 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आ रही है। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने फिल्म के प्रति अपनी उत्सुकता दिखाई है। एक यूजर ने अपने कमेंट में लिखा, इसे दोबारा देखने का इंतजार नहीं कर सकता। कमाई के मामले में डॉक्टर जी बॉक्स



ऑफिस पर पिछड़ गई। इस फिल्म ने अब तक भारत में 26.45 करोड़ रुपये कमाए हैं। रिलीज के पहले दिन फिल्म ने अपने खाते में 3.87 करोड़ रुपये जोड़े। ओपनिंग वीकेंड में फिल्म की कमाई का आंकड़ा 15.03 करोड़ रुपये तक पहुंच पाया। इसके बाद इसकी कमाई की रफ्तार सुस्त पड़ गई। मेकर्स को उम्मीद है कि फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलेगी। आयुष्मान के लिए यह साल खास नहीं रहा है। इस साल उनकी एक के बाद एक कई फिल्में सिनेमाघरों में पिट गईं। उनकी 2 दिसंबर को आई एन एक्शन हीरो भी दर्शकों की कसौटी पर खरी नहीं उतरी। फिल्म ने ओपनिंग डे पर मात्र 1.31 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने अब तक 5.99 करोड़ रुपये कमाए हैं। इससे पहले आई उनकी अनेक भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रही थी। फिल्म में आयुष्मान एक डॉक्टर की भूमिका में नजर आए हैं। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के साथ बनी है। शेफाली शाह और शीबा चड्ढा भी फिल्म का हिस्सा हैं। इसे जंगली पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म कई मुद्दों को दिखाती है। इसकी शुरुआत होती है स्त्री रोग विभाग में एक पुरुष मेडिकल स्टूडेंट की असहजता से। फिल्म में लिंगभेद और लडक़ा पाने के लिए समाज में फैले अंधविश्वास को हल्के–फुल्के अंदाज में दिखाया गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com